आवस्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 203 | हापुड़ , शनिवार 8 फरवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

# आयोग महाराष्ट्र की एकीकृत मतदाता सूची नहीं देगा तो जाएंगे न्यायालय – राहुल

नई दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से महाराष्ट्र में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मतदाताओं की विस्तारपूर्ण सूची मांगी है और कहा है कि यदि सूची उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो इस मुद्दे को न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। श्री गांधी ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महाराष्ट्र मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है इसलिए कांग्रेस तथा राज्य के तीनों प्रमुख विपक्षी दलों को महाराष्ट्र चुनाव से जुड़ी मतदाताओं की वह एकीकृत और फाइनल सूची मांगी है, जिसपर लोक सभा और विधानसभा में मतदान हुआ है। चुनाव आयोग यह सूची तुरंत दे सकता है, पर नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि यह सूची उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो इस मामले को न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। श्री गांधी ने कहा,卐पांच साल में जितने मतदाता महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट में जोड़े गए, उससे ज्यादा मतदाता सिर्फ पांच महीने में जोड़ दिए गए हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2019 से लेकर लोकसभा चुनाव 2024 के बीच महाराष्ट्र में 32 लाख मतदाता जोड़े गए। वहीं लोकसभा चुनाव 2024 और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के पांच महीने के बीच 39 लाख नये मतदाता जोड़ दिए गए। सवाल है- जोड़े गए ये मतदाता कौन हैं और कहां से आए। उन्होंने कहा महाराष्ट्र की व्यस्क जनसंख्या 9.54 करोड़ है, लेकिन चुनाव आयोग के मुताबिक महाराष्ट्र में 9.70 करोड़ मतदाता हैं। मतलब चुनाव आयोग के मुताबिक महाराष्ट्र में जनसंख्या से ज्यादा मतदाता हैं। एक उदाहरण- कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में कामठी निर्वाचन क्षेत्र में 1.36 लाख वोट मिले, ये चुनाव कांग्रेस जीत गई। इसके बाद महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले यहां 35 हजार नए वोटर जोड़े गए। ये सारे वोटर भाजपा के खाते में चले गए और भाजपा चुनाव जीत गई। महाराष्ट्र में ऐसे अनेक उदाहरण हैं। कांग्रेस नेता



ने कहा महाराष्ट्र में हमारा वोट कम नहीं हुआ है, भाजपा का वोट ज्यादा हुआ है। जहां भाजपा का स्ट्राइक रेट 90 प्रतिशत रही है। इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। हम चुनाव आयोग से महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट मांग रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग हमें ये लिस्ट नहीं दे रहा है। चुनाव में पारदर्शिता लाना आयोग का काम है। महाराष्ट्र की विपक्षी पार्टियां चुनाव आयोग से सार्वजनिक तौर पर सवाल पूछ रही हैं, लेकिन फिर भी हमें लिस्ट नहीं सौंपी जा रही है। आयोग जल्द से जल्द महाराष्ट्र की मतदता सूची हमें सौंप दे। इस सूची में हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं के जितने लोग जोड़े गए हैं। जहां ये नए मतदाता जोड़े गए हैं, वहां भाजपा का वोट बढ़ा है। चुनाव आयोग के मुताबिक महाराष्ट्र में जनसंख्या से ज्यादा मतदाता हैं। उन्होंने कहा, मतदाताओं की सूची लगातार बदली जा रही है और कोई भी इसे बदल सकता है। सूची में बदलावा की स्थिति देखकर लगाता है कि चुनाव आयोग का सूची पर नियंत्रण नहीं रहा और उसने सूची में हेरफेर किया है। अब, यह चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि जो कुछ हुआ है उस पर सफाई दे। आयोग को हमें डेटा देने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए आयोग अभी हमें सूची दें। यदि आप ऐसा नहीं करते हैं तो यह हमारे लोकतंत्र पर गंभीर सवाल खड़ा करेगा और इसका मतलब है कि हम संविधान को ध्वस्त करने की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन हम नहीं रुकेंगे. हम संविधान के लिए लड़ना जारी रखेंगे क्योंकि यह हमारा काम है और बाबासाहेब अम्बेडकर हमारी प्रेरणा हैं। शिव सेना उद्धव गुट के संजय राउत ने कहा, चुनाव आयोग को राहुल गांधी जी के सवालों का जवाब देना चाहिए, लेकिन वह जानते हैं कि आयोग इसका जवाब नहीं देगा क्योंकि वह सरकार के इशारे पर काम रहा है। हमने महाराष्ट्र और दिल्ली के चुनाव आयोग में बार-बार शिकायत की, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। दूसरी बात- ये जो 39 लाख फर्जी वोट महाराष्ट्र में पड़े हैं, अब ये बिहार जाएंगे। ये फ्लोटिंग वोट हैं और जहां भी चुनाव होते हैं, वे घूमते रहते हैं। ये भाजपा का नया पैटर्न है, वे ऐसे ही चुनाव जीतते हैं इसलिए जो सवाल हमने उठाए हैं, वह देश के लिए काफी महत्वपूर्ण है। अगर देश में लोकतंत्र को जिंदा रखना है तो जनता को ये सवाल पूछने पड़ेंगे।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद गुट की नेता सुप्रिया सुले ने कहा, हमारे साथ सोलापुर की माढा लोकसभा सीट से सांसद धैर्यशील मोहिते जी और विधायक उत्तम जानकर जी भी हैं। मालशिरस से चुनाव जीतने के बाद भी उत्तम जानकर जी चाहते थे कि वोटिंग बैलेट पेपर से की जाए और रीइलेक्शन हो, लेकिन वहां पुलिस भेजकर प्रक्रिया रुकवा दी गई। हमारी पार्टी तोड़ी गई, हमारे विधायक तोड़े गए और महाराष्ट्र चुनाव में विपक्ष पर कई तरफ से अटैक हुए हैं।

# अब एक घंटा पहले खुलेंगे अयोध्या राम मंदिर के कपाट



अयोध्या । अयोध्या के रामलला मंदिर में दर्शन और अनुष्ठान के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है, जिसके तहत अब मंदिर सुबह सात बजे की जगह छह बजे खुलेगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक मंदिर अब सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा। ट्रस्ट के मुताबिक मंदिर में मंगला आरती तड़के चार बजे होगी जिसके बाद मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे। इसके बाद श्रृंगार आरती सुबह छह बजे होगी और उसी समय मंदिर आम लोगों के लिए खुल जाएगा। ट्रस्ट के अनुसार राजभोग दोपहर 12 बजे लगाया जाएगा और भोग लगने के बाद भी श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। ट्रस्ट के अनुसार मंदिर में संध्या आरती शाम सात बजे होगी। इस दौरान मंदिर के पट 15 मिनट के लिए बंद रहेंगे और उसके बाद उन्हें खोल दिया जाएगा। ट्रस्ट ने कहा कि शयन आरती रात 10 बजे होगी, जिसके बाद मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे। ट्रस्ट द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक पहले शयन आरती रात साढ़े नौ बजे होती थी। राम मंदिर ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के कारण यह फैसला लिया है, ताकि आसानी से दर्शन किए जा सकें। दर्शन और अनुष्ठान के लिए शाम को लगभग आधा घंटा और सुबह डेढ़ घंटा जोड़कर कार्यक्रम को समायोजित किया गया है। श्रद्धालु प्रसाद के समय भी दर्शन कर सकेंगे।

# अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची एसीबी, 15 करोड़ के दावे की करेगी जांच



नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सियासत गरमा गई है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के प्रत्याशियों के खरीदने के दावे के बाद अब मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की एंट्री हो गई है। %आप% के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर शुक्रवार को एसीबी की टीम पहुंची है। बताया जा रहा है कि एसीबी की तीन सदस्यीय टीम केजरीवाल के घर पर मौजूद है और वह उनसे 15 करोड़ के दावे को लेकर पूछताछ करेगी। दरअसल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को आरोप लगाया था कर्ा उनके 16 उम्मीदवारों को अन्य पार्टी में शामिल होने के लिए फोन आया है और प्रत्येक को 15-15 करोड़ रुपए देने का ऑफर दिया गया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुछ एजेंसियां दिखा रही हैं कि एक पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रही हैं। पिछले दो घंटे में हमारे 16 उम्मीदवारों के पास फोन आ गए हैं कि आप छोड़कर उनकी पार्टी में आ जाओ, मंत्री बना देंगे और हरेक को 15-15 करोड़ देंगे। अगर इनकी पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रहीं हैं तो हमारे उम्मीदवारों को फोन करने की क्या जरूरत है? एसीबी के एक अधिकारी ने पुष्टि करते हुए बताया था कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और मुकेश अहलावत के आवासों पर टीमें भेजी है।

इससे पहले शुक्रवार सुबह आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सभी प्रत्याशियों को अपने घर चाय पर चर्चा के लिए बुलाया था। बैठक खत्म होने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संदीप पाठक ने बताया कि सभी प्रत्याशियों के साथ एक बैठक की गई और लगातार भाजपा की तरफ से प्रत्याशियों को फोन आ रहे हैं। उन्हें पैसे देने का ऑफर किया जा रहा है और उन्हें तोड़ने की कोशिश हो रही है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मुकेश अहलावत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, मैं मर जाऊंगा, कट जाऊंगा, लेकिन कभी अरविंद केजरीवाल का साथ नहीं छोडूंगा। उन्होंने अपनी पोस्ट में एक मोबाइल नंबर भी शेयर किया और कहा कि मुझे इस नंबर से फोन आया। उसने बोला कि उनकी सरकार बन रही है, मंत्री बना देंगे और 15 करोड़ रुपए भी देंगे। आप छोड़ के आ जाओ। मैं इनको कहना चाहता हूं कि केजरीवाल ने और आप पार्टी ने मुझे इज्ज त दी है, मैं मरते दम तक अपनी पार्टी को नहीं छोडूंगा। मुकेश अहलावत की पोस्ट को दिल्ली की सीएम आतिशी ने रिपोस्ट करते हुए कहा, अगर एक पार्टी की 50 से अधिक सीटें आ रही हैं, तो यह हमारे प्रत्याशियों को संपर्क करके तोड़ने की कोशिश क्यों कर रहे हैं?

यह दिखा रहा है कि एग्जिट पोल आम आदमी पार्टी के विधायकों को तोड़ने की एक साजिश है।

# उत्तराखंड – भतीजी के विवाह में शामिल हुए योगी आदित्यनाथ, शनिवार को जाएंगे अपने स्कूल

पौड़ी । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए उराखंड के पौड़ी जिले में स्थित पैतृक गांव पंचुर पहुंचे। हांलांकि, योगी की मौजूदगी में हुए विवाह समारोह से मीडिया को दूर रखा गया। योगी तीन दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे और शनिवार को वह निकटवर्ती ठांगर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय भी जाएंगे। योगी ने इसी विद्यालय से शिक्षा ग्रहण की थी। मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला दौरा है हालांकि इससे पहले, जब वह गोरखपुर से सांसद थे, तब भी यहां आए थे। कार्यक्रम की तैयारी में जुटे स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि योगी आदित्यनाथ यहां बच्चों से बातचीत करेंगे और इसके बाद वह कांडी स्थित 'राजकीय जूनियर हाईस्कूल' भी जायेंगे और वहां भी बच्चों से बातचीत



करेंगे। कांडी गांव योगी आदित्यनाथ के गुरु अवैद्यनाथ का गांव है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पंचूर, ठांगर सहित आसपास इलाकों में उत्साह का माहौल है। योगी के इस दौरे को उनके बचपन की यादों से जोड़कर देखा जा रहा है। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्येंद्र शाह ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर स्कूल को अच्छी तरह से सजाया गया है और स्कूल के छात्र-छात्राएं भी अपने पूर्व छात्र के स्वागत के लिए उत्साहित हैं। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका रजनी बहुगुणा ने बताया कि स्कूल के पुराने दस्तावेजों में योगी आदित्यनाथ का नाम अजय मोहन बिष्ट के रूप में दर्ज है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1972 में योगी आदित्यनाथ का यहां दाखिला हुआ था।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को पंचुर पहुंचे थे और उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय विथ्याणी में ब्रम्हलीन संत महंत अवैद्यनाथ की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए थे। उसके बाद उन्होंने अपने पिता दिवंगत आनंद सिंह बिष्ट की स्मृति में बने पार्क में 100 फुट उंचे तिरंगे व दो दिवसीय किसान मेले का उद्घाटन किया था। आदित्यनाथ ने सिद्धपीठ महादेव मंदिर में दर्शन कर पूजा की और उन्होंने महाविद्यालय की गौरक्ष पत्रिका का विमोचन भी किया था। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को ही लखनऊ लौटेंगे।

# गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने लगाई संगम में डुबकी

महाकुंभ नगर । प्रयागराज महाकुंभ में उमड़ रहे जनसैलाब के बीच शुक्रवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी संगम में डुबकी लगाई और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की। आधिकारिक बयान के मुताबिक, पटेल ने कहा कि महाकुंभ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, ''त्रिवेणी संगम में स्नान मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भारत की आस्था के केंद्र त्रिवेणी संगम में स्नान करने के बाद हर व्यक्ति स्वयं को भाग्यशाली मानता है।'' पटेल ने संगम स्नान से पूर्व बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और फिर सेक्टर-7 स्थित गुजरात पवेलियन का भी अवलोकन किया।



उन्होंने कहा कि मेले में स्वच्छता से लेकर हर सुविधा तक, सब कुछ बेहद अच्छा है। कड़ी सुरक्षा के बीच पटेल यांत्रिक नाव से त्रिवेणी संगम पहुंचे जहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार और श्लोकों के बीच की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने सूर्यदेव को अर्घ्य भी दिया। उनके साथ उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भी डुबकी लगाई। इसके बाद पटेल ने गंगा पूजन और गंगा आरती की। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शुक्रवार सुबह नौ बजे राजकीय विमान से प्रयागराज पहुंचे। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उनका स्वागत किया। यहां से वह सीधे बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की और आरती की। मंदिर के महंत और बाघंबरी गद्दी के पीठाधीश्वर बलबीर गिरि जी महाराज ने पटेल को लेटे हनुमान के मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन और पूजन के बाद मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सेक्टर-सात स्थित गुजरात पवेलियन पहुंचे और वहां का अवलोकन किया। गुजरात पवेलियन में उन्होंने 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी', साबरमती आश्रम और सूर्य मंदिर की प्रतिकृतियों का निरीक्षण किया। यहां वह गुजरात के उत्पादों की प्रदर्शनी में भी गए और सभी व्यवस्थाओं को सराहा। गुजरात से भारी संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उन्होंने यहां 400 बिस्तर वाली एक 'डॉरमेट्री' की भी शुरुआत की।

# महाकुंभ नगर में शॉर्ट सर्किट से शिविर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने तत्काल पाया काबू

महाकुंभ नगर । महाकुंभ के लिए योगी सरकार द्वारा पहले से ही व्यापक स्तर पर जो तैयारी की गई थी, उसकी मदद से शुक्रवार को बड़ा हादसा टल गया। खास तौर पर मेला क्षेत्र में अग्निशमन को लेकर जो तैयारियां की गई थीं, उन्होंने अहम भूमिका निभाई। ओल्ड जीटी रोड स्थित महाकुंभ नगर में शुक्रवार को स्वामी हरिहरानंद और सुखदेवानंद के शिविर में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल महाकुंभ के फायर ब्रिगेड की एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। चीफ फायर ऑफिसर प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग इस्कॉन क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे 20 से 22 टेंट जल गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। दमकलकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई कर आग को फैलने से रोक लिया। घटना की जानकारी मिलते ही उत्तरी झूसी के जोनल पुलिस ऑफिसर, एडिशनल एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा, स्थानीय पुलिस और मेला मजिस्ट्रेट भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से






अपील की है कि वे सावधानी बरतें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अधिकारियों को सूचित करें। इससे पहले 30 जनवरी को भी संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लग गई थी। यह आग मेला क्षेत्र के झूंसी छतनाग घाट नागेश्वर घाट सेक्टर-22 के पास लगी थी, उस दौरान भी कोई जनहानि नहीं हुई थी। बता दें, महाकुंभ में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए योगी सरकार ने व्यापक इंतजाम किए हैं। पूरे मेला क्षेत्र में 50 फायर स्टेशन और 20 फायर पोस्ट बनाए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 4,300 फायर हाइड्रेंट तैनात किए गए हैं। महाकुंभ को अग्नि दुर्घटना रहित क्षेत्र बनाने के लिए योगी सरकार ने विभाग को 66.75 करोड़ का बजट आवंटित किया है, जबकि विभागीय बजट 64.73 करोड़ है। इस प्रकार, कुल 131.48 करोड़ रुपए की लागत से वाहन व उपकरणों को महाकुंभ मेला में अग्नि जनित दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिए डिप्लॉय किया गया है। इतना ही नहीं, अलग-अलग प्रकार के 351 से अधिक अग्निशमन वाहन और 2000 से अधिक ट्रेन्ड मैनपावर को डिप्लॉय किया गया है। प्रत्येक अखाड़ों के टेंट्स को फायर फाइटिंग इक्विप्मेंट्स से भी लैस किया गया है। यहीं नहीं, मेले की शुरुआत से पूर्व एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ दर्जनों बार मॉक ड्रिल किया गया, जिसका हादसे को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संपादकीय

# वैज्ञानिक विषयों पर हिंदी में अच्छी किताब



अंबरीश मिश्र इंडियन आयल में कार्यरत हैं। हाल ही में उनकी एक पुस्तक पढ़ने का इत्तफ़ाक़ हुआ। साहित्य में उनका नाम बहुत जाना-पहचाना नहीं है। उनकी रचनाएं पहले कभी कहीं पढ़ी नहीं न ही नजर से गुज़रीं। हो सकता है कि पत्र-पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं प्रकाशित होती रहीं हों लेकिन उनकी रचनात्मकता से कम से कम मेरा साबक़ा नहीं पड़ा था। इंडियन आयल में कार्यरत छायाकर मित्र एन. शिवकुमार ने मुझे यह अंबरीश कुमार के संस्मरणों का संग्रह 'तेल अनुसंधान सुगंध' भेजा था। पुस्तक के नाम ने बहुत ज्यादा पढ़ने के लिए उत्साहित नहीं किया और काफी दिनों तक यूं ही यह पुस्तक पड़ी रही। लेकिन एक दिन जब इसे उलट-पलट कर देखा तो इसके आलेखों ने मेरी सोच को बदला। आलेखों की भाषा और प्रवाह ने प्रभावित किया। यह देख कर अच्छा लगा कि हिंदी में इस तरह की पुस्तकों का प्रकाशन इंडियन आयल जैसी कंपनी ने किया है। नहीं तो आमतौर पर साहित्य की इस तरह की पुस्तकों के प्रकाशन को लेकर सजगता नहीं है। आमतौर पर सिर्फ समाचार बुलेटिन का प्रकाशन कर सार्वजनिक उपक्रम अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर लेते थे। राजभाषा कार्यान्वयन समिति के उपमहाप्रबंधक व अध्यक्ष एसके सिंहल ने भी इसका उल्लेख 'आभार' शीर्षक के तहत किया है। अपनी संक्षिप्त टिप्पणी में उन्होंने जो जानकारी दी है उससे हम जैसे लोगों की छाती जरूर चैड़ी होगी। उन्होंने लिखा है कि कंपनी के वैज्ञानिक, इंजीनियर और दूसरे कर्मचारी तकनीकी काम के साथ-साथ साहित्य के क्षेत्र में भी समय निकाल कर अपने अंतर्मन को आलोकित करने का प्रयास करते हैं। सिंहल ने लिखा है कि इंडियन आयल अनुसंधान व विकास केंद्र प्रबंधन ने इस पुस्तक के प्रकाशन की इजाजत देकर हिंदी लेखन को बढ़ावा दिया है। किताब पढ़ते हुए इसका अहसास बार-बार होता है। अंबरीश कुमार के आलेखों की भाषा में प्रवाह है। सहज और सरल भाषा में उन्होंने बेहतरीन संस्मरण लिखे हैं।

इनमें यात्रा संस्मरण भी है और लोगों से जुड़े क़िस्से भी। इन क़िस्सों में जीवन के कई-कई रंग दिखाई देते हैं। हिमालय से जुड़ी बातें हों या मैजान राइसा की ज़िक्र, वे बहुत ही आत्मीयता से पाठकों को अपने साथ जोड़ते हैं। 'टोना टोटका' 'संध्या छाया' 'आशीर्वाद' 'चमड़े का बैग' 'अपराध बोध' 'दुख का सुख' 'अपना सा' में ज़िंदगी के कई शेड्स दिखाई देते हैं। पुस्तक के अंत में एसके सिंहल के यात्रा-संस्मरण के अलावा गंगा शंकर मिश्र, राम मोहन ठाकुर, त्रिलोक सिंह, गुलशन बालानी और सुधीर कुमार पांडेय की कविताएं भी शामिल की गई हैं। अदालत के पंडेः (प्रकाशकः दलित साहित्य व सांस्कृतिक अकादमी, 4, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड, निकट रिस्पना पुल, देहरादून) कवि-कथाकार सुनील कुमार के नाटकों का संग्रह है। सुनील कुमार पेशे से वकील हैं इसलिए वे अदालत की बारिकियों को जानते तो हैं ही, उसकी पेचीदगियों को भी बेहतर तरीक़े से समझते हैं। अपने नाटकों में भ्रष्ट तंत्र को उजागर तो उन्होंने किया ही है, अदालतों में व्याप्त भ्रष्टाचार को बहुत ही हिम्मत और साफ़गोई के साथ पाठकों के सामने रखा है। अपने पात्रों के माध्यम से उन्होंने उस सच को उघाड़ा है जो हम आए-दिन कोर्ट-कचहरियों में देखते हैं। जज, पेशकार, अहलकार, सरकारी वकील फूलमती, अर्दली जैसे चरित्रों के ज़रिए उन्होंने देश की न्याय व्यवस्था पर चोट की है। अपने नाटकों में सुनील कुमार बहुत ही बेबाकी के साथ भ्रष्टाचार, रिश्वतख़ोरी, चोरबाजारी और बेईमानी की बात करते हैं। इन नाटकों का मंचन होना चाहिए।

## 8 फरवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.07 प्रात-
सूर्यास्त- 06.14 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 02.12 दोपहर
चंद्र अस्त- 04.33 रात्रि
चंद्रमा- मिथुन राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना माघ-10 पूर्णिमांत महीना माघ-26 पक्ष-शुक्ल पक्ष 11, तिथि-एकादशी रात्रि- 08.15 तक बाद में द्वादशी, नक्षत्र-मृगशिरा सायं- 06.07 तक बाद में आद्रा, योग-वैधृती दोपहर- 02.04 तक बाद में विषकुम्भ,करण-वणिज प्रात- 08.08 तक बाद में विष्टी रात्रि- 08.15 तक बाद में बव, राहु काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक,यमगंड दोपहर- 01.30 से 03.00 बजे अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.18 से 01.03 तक, दुमुहूर्त प्रात- 08.36 से 09.20 तक दोपहर- 01.03 से 01.47 तक, अमृत काल प्रात- 09.30 से 11.03 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.30 से 06.18 तक।

## 8 फरवरी 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष-आशावान रहेंगे, मंदिर में दर्शन करेंगे, परिश्रम का परीणाम सकारत्मक रहेगा, किसी से मिलने शहर से बाहर जा सकते है।
भाग्य प्रतिशत-69

वृषभ- रिस्क व्यवसाय में धन लगा सकते है, किसी से सलाह लेंगे ।वाणिज्य, फैशन डिजाइनिंग, होटल मैनेजमेन्ट शिक्षा के लिए उत्तम समय है।
भाग्य प्रतिशत-55

मिथुन-जमीन,कंस्ट्रक्शन कार्य में लग सकते है, नौकरी में लोड बढ़ेगा, फाइनेंस का ध्यान रखें, पत्नि से प्रेम बढ़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-60

कर्क-किसी विवाद को निपटाना चाहेंगे, सहयोग के लिए बातचीत करेंगे, बैंकिंग लॉ में जा सकते है।
भाग्य प्रतिशत-62

सिंह- शहर से बाहर मीटिंग में जा सकते है, शिक्षा को बढ़ायेंगे, विदेश के लोगों से संपर्क बढ़ेगा, कार्यक्षेत्र में दबदबा रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-79

कन्या-अध्यापक है तो इंस्टीट्यूट खोल सकते है, भागदौड़ रहेगी, किराये की जगह ले सकते है, प्रिंटिंग कार्य में उन्नति होगी।
भाग्य प्रतिशत-80

तुला- होटल आदि में डिनर कर सकते है, खरीदारी करेंगे, खर्चे बढ़ेंगे, पैतृक सम्पत्ति का लाभ मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-82

वृश्चिक- वित्तीय संकट बढ़ सकता है, गुरु की सलाह काम आयेगी, परिवार में एकजुटता रहेगी, उच्चाधिकारियों से संबंध बनेंगे।
भाग्य प्रतिशत-69

धनु- प्रेम संबंधों का अंत हो सकता है, निराशा रहेगी, स्वयं के विषय में सोच बढेगी, विश्वविद्यालय में जॉब मिल सकती है।
भाग्य प्रतिशत-64

मकर- सेहत प्रभावित रहेगी, व्यापारीक साझेदारी बनेगी, सलाहकार, आर्ट, मीडिया क्षेत्र में है तो प्रगति होगी।
भाग्य प्रतिशत-63

कुम्भ- अपनी किसी स्किल पर कार्य करेंगे, कंप्युटर, नई भाषा सीखना, नया व्यवसायिक कोर्स करेंगे, मेहनत का फल मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत- 89

मीन- परिवार में किसी बात पर विचार विमर्श चलेगा, जल, कपड़ा, आयुर्वेदिक दवाई व्यवसाय से लाभ होगा, कोई सरकारी बैंक कार्य रुक सकता है।
भाग्य प्रतिशत-88

## गुम है किसी के प्यार में गाना मेरे दिल के बहुत करीब - रेखा



मुंबई । बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री रेखा का कहना है कि गाना गुम है किसी के प्यार में उनके दिल के बहुत करीब है।

स्टार प्लस के शो गुम है किसी के प्यार में एक नए रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है, जहां इमोशनल ड्रामा, जबरदस्त ट्विस्ट और गहरी भावनाओं की झलक देखने को मिलेगी। हाल ही में रिलीज़ हुए प्रोमो ने दर्शकों में जबरदस्त उत्सुकता जगा दी है, और इस बार सबसे बड़ी खासियत हैं लीजेंडरी अभिनेत्री रेखा। रेखा की भावनाओं से भरी आवाज़ इस कहानी को और भी खास बना देती है, जो तेजस्विनी के जज़्बातों के उतार-चढ़ाव को बखूबी दर्शाती है। नील के साथ बेमेल शादी की उलझन और अपने पहले प्यार रूतुराज की वापसी के बीच फंसी तेजस्विनी की कहानी दर्शकों को गहराई तक छू जाएगी। रेखा की आवाज़ इस सफर को और भी भावुक और यादगार बना रही है, जो शो को एक अलग ही लेवल पर ले जाती है। शो में नई कास्ट की एंट्री हुई है, जिसमें वैभवी हंकारे (तेजस्विनी), सनम जौहर (रूतुराज) और परम सिंह (नील) शामिल हैं। रेखा की बेमिसाल ग्रेस और उनकी भावनाओं से भरी आवाज़ ने प्रोमो को और भी खास बना दिया है, जिससे कहानी को एक अलग ही गहराई मिल रही है। रेखा ने कहा, गुम है किसी के प्यार में हमेशा से मेरे दिल के करीब रहा है।

जैसे-जैसे इसका नया सीजन सामने आ रहा है, मैं एक ऐसी कहानी का इंतज़ार कर रही हूं जो इंसानी जज़्बातों, प्यार, कर्तव्य, परिवार और जूनून जैसे पहलुओं को गहराई से टटोलती है। इसके टाइटल सॉन्ग 'गुम है किसी के प्यार में' का मेरे दिल में खास स्थान है, यह मुझे शांति देता है।

इस शो के साथ मेरा यह जुड़ाव गर्मजोशी और सम्मान से भरा रहा है, और मैं आगे भी दर्शकों के लिए यादगार लम्हे बनाने को लेकर उत्साहित हूं।

## जुनैद खान व खुशी कपूर की लवयापा देखकर भावुक हुए सनी देओल

मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान के बेटे जुनैद खान और बोनी कपूर-श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर की %लवयापा% फिल्म आज रिलीज़ हो गई है। अद्वैत चंदन की इस फिल्म का निर्देशन और निर्माण बोनी कपूर, आमिर खान और सृष्टि बहल आर्य ने किया है। यह फिल्म वैलेंटाइन सप्ताह के दौरान सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। निर्माताओं ने इस फिल्म के जरिए दर्शकों को नई पीढ़ी की अनोखी प्रेम कहानी दिखाने का दावा किया है। इसलिए लोगों में %लवयापा% को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। इस बीच, इस फिल्म को देखने के बाद बॉलीवुड के अभिनेता सनी देओल ने जुनैद खान और खुशी कपूर की तारीफ़ की है। बॉलीवुड सुपरस्टार अभिनेता सनी देओल ने भी यह फिल्म देखी है। इस फिल्म को देखने के बाद देओल ने सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। इस पोस्ट के साथ सनी देओल ने लिखा, लवयापा देखी, बहुत अच्छी फिल्म है। जुनैद और खुशी दोनों ही कमाल के एक्टर हैं, मुझे उनकी एक्टिंग बहुत पसंद आई। थिएटर से बाहर निकलते ही मेरी आंखों में खुशी के आंसू आ गए। सभी को मेरा आशीर्वाद...! देओल ने इस पोस्ट में फिल्म के निर्देशक और अभिनेताओं को भी टैग की है। फिल्म %लवयापा% का हाल ही में प्रीमियर शो भी आयोजित किया गया था। इस फिल्म %लवयापा% में जुनैद खान, खुशी कपूर और आशुतोष राणा मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। इसके अलावा फिल्म में कॉमेडियन कीकू शारदा भी खास भूमिका में नजर आ रहे हैं।

## सोने की कीमत में तेजी जारी, चांदी में मामूली गिरावट



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोने की कीमत मे तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी की कीमत में आज मामूली गिरावट नजर आ रही है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 86,520 रुपये से लेकर 86,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 79,310 रुपये से लेकर 79,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी की कीमत में आज 200 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 86,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 79,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 86,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 86,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 79,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 86,520 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 79,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 86,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 86,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 79,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 86,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 79,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 86,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 86,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 79,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## सैफ की बहन सबा ने भाई के लिए दिया सदका, इंस्टाग्राम पर शेयर की तस्वीर

मुंबई । सैफ अली खान की बहन सबा पटौदी ने अपने भाई के लिए कुरान ख्वानी का आयोजन किया और सदका दिया। इस दौरान करीना और उनके बच्चे तैमूर और जेह भी मौजूद रहे। सबा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कुरान ख्वानी और सदका की एक झलक साझा की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, विश्वास मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है। भाई और परिवार, टिम और जेह और भाभी के लिए कुरान ख्वानी और सदका भी किया गया। यह हमेशा सुरक्षित रहें। सैफ अली खान पर 16 जनवरी को तड़के एक हमलावर ने उनके बांद्रा स्थित घर में सबसे छोटे बेटे जेह के कमरे में घुसकर हमला किया था। इस हमले में अभिनेता घायल हो गए थे और ऑटो से अस्पताल पहुंचे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डॉक्टरों ने उनके घाव से 2.5 इंच का चाकू निकाला था। आरोपी से लड़ने की कोशिश में अभिनेता पर कई बार चाकू से वार किया गया था। अभिनेता को चाकू के छह वार किए गए, जिनमें से दो गंभीर थे क्योंकि वे उनकी रीढ़ के करीब लगे थे। यह घटना तब हुई थी जब आरोपी कथित तौर पर उनके बांद्रा स्थित घर में घुस गया और उनके घर के नौकर पर हमला कर दिया। फिर जब सैफ ने बीच-बचाव किया तो उन पर भी हमला कर दिया। 3 फरवरी को, चाकू से हमले के बाद घर लौटने पर सैफ पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए। हाल ही में अभिनेता को नेटफ्लिक्स इवेंट के लिए मुंबई के जुहू इलाके में देखा गया। अभिनेता डेनिम शर्ट में शानदार और सहज दिख रहे थे और उन्होंने मूंछें भी रखी हुई थीं। अभिनेता अपनी आगामी स्ट्रीमिंग टाइटल 'ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स' के ट्रेलर लॉन्च में शामिल हुए, इसमें वह जयदीप अहलावत के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। सैफ इस प्रोजेक्ट में मुख्य भूमिका में दिखेंगे।

## सैफ अली खान मामले में आरोपी के फिंगरप्रिंट मैच हुए, फाइनल रिपोर्ट का इंतजार- पुलिस



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शरीफुल इस्लाम का फिंगरप्रिंट मैच हो गया है। सैफ अली खान मामले में यह बड़ी जानकारी मुंबई पुलिस की ओर से दी गई है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, सैफ अली खान पर हमला करने वाले आरोपी शरीफुल इस्लाम के फिंगरप्रिंट के जांच के लिए जो सैंपल भेजे गए थे, उनमें से कुछ की रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट में कुछ फिंगरप्रिंट मैच हुए हैं। हालांकि, पुलिस अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस ने बताया है कि सैफ अली खान के घर से कई सारे सैंपल लिए गए थे, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया था। कुछ की रिपोर्ट आई है। आरोपी शरीफुल इस्लाम को पुलिस ने 19 जनवरी को गिरफ्तार किया था। बुधवार (5 फरवरी) को ऑर्थर रोड जेल में शरीफुल इस्लाम की आइडेंटिफिकेशन (पहचान) परेड कराई गई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, परेड के दौरान शरीफुल इस्लाम को पहचानने के लिए सैफ की स्टाफ नर्स आरियामा फिलिप और आया जुनू भी वहां पहुंची थीं। बारी-बारी से दोनों के सामने अन्य कैदियों के साथ शरीफुल को भी खड़ा किया गया था। पहचान परेड कोर्ट से अनुमति लेने के बाद तहसीलदार की मौजूदगी में होती है। पुलिस या जेल स्टाफ को पहचान परेड के दौरान मौजूद रहने की इजाजत नहीं होती है। पुलिस ने पुष्टि की है कि खान पर चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार बांग्लादेशी व्यक्ति का चेहरा बांद्रा इलाके में सतगुरु शरण बिल्डिंग के सीसीटीवी फुटेज में देखे गए व्यक्ति से मेल खाता है। इसी इमारत में अभिनेता रहते हैं। बता दें कि 16 जनवरी को अभिनेता सैफ अली खान पर उनके बांद्रा स्थित आवास में कई बार चाकू से हमला किया गया। इसके बाद तुरंत अभिनेता को लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके शरीर पर चाकू के कई घाव थे। अस्पताल में उनकी सर्जरी की गई थी। उनकी रीढ़ के पास से चाकू का एक टुकड़ा भी निकाला गया था। पुलिस ने हमले के आरोप में शरीफुल इस्लाम (30) को 19 जनवरी को ठाणे से गिरफ्तार किया था। वह बांग्लादेश का नागरिक है।

## गिल का शानदार अर्धशतक, पहले वनडे में भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराया

नागपुर । रवींद्र जडेजा और हर्षित राणा (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद शुभमन गिल (87), अक्षर पटेल (52) और श्रेयस अय्यर (59) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने गुरुवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 68 गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। इंग्लैंड के 248 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसने मात्र 19 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। कप्तान रोहित शर्मा (दो) और यशस्वी जायसवाल (15) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिये 94 रनों की साझेदारी हुई। 16वें ओवर में जेकब बेथेल ने पगबाधा आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। श्रेयस अय्यर ने 36 गेंदों में नौ चौके और दो छक्के लगाते हुए (59) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये अक्षर पटेल ने गिल का भरपूर साथ निभाया। दोनों के बीच चौथे विकेट लिये 108 रनों की मजबूत साझेदारी हुई। जीत की ओर बढ़ रही भारतीय टीम को 34वें ओवर में आदिल रशीद ने अक्षर पटेल को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। अक्षर पटेल ने 47 गेंदों में छह चौके ओर एक छक्का लगाते हुए (52) रन बनाये। के एल राहुल (दो) को आदिल रशीद ने अपनी ही गेंद पर कैच आउट भारत को पांचवां झटका दिया। इसके बाद साकिब महमूद ने शतक की ओर बढ़ रहे शुभमन गिल को बटलर के हाथों कैच आउट कराकर भारत को बड़ा झटका दिया। गिल ने 96 गेंदों में 14 चौके लगाते हुए (87) रनों महत्वपूर्ण की पारी खेली। भारत ने 38.4 ओवर में छह विकेट पर 251 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। रवींद्र जडेजा (12) और हार्दिक पंड्या (नौ) रन बनाकर नाबाद रहे। जडेजा ने साकिब महमूद की गेंद पर विजयी चौका लगाया। इंग्लैंड की ओर से साकिब महमूद और आदिल रशीद को दो-दो विकेट मिले। जोफ्रा आर्चर और जेबेक बेथल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की फिल सॉल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 75 रनों की साझेदारी की। नौवें ओवर में विकेटकीपर केएल राहुल ने फिल सॉल्ट को रनआउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। फिल सॉल्ट ने 26 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में हर्षित राणा ने बेन डकेट (32) को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। इसी ओवर में हर्षित ने हैरी ब्रूक (शून्य) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 19वें ओवर में रविंद्र जडेजा ने जो रूट (19) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। 36वें ओवर में हर्षित राणा ने लियम लिविंगस्टन (पांच) को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच आउट कर भारत को छठी सफलता दिलाई। 40वें ओवर में मोहम्मद शमी ने ब्राइडन कार्स (पांच) को आउट किया। 43ओवर में रविंद्र जडेजा ने जेकब बेथेल (51) को आउट कर इंग्लैंड की बड़ा स्कोर बनाने की उम्मीदों को झटका दिया। जडेजा ने आदिल रशीद (आठ) को बोल्ड कर इंग्लैंड को नौवां झटका दिया। 48 वें ओवर की चौथी गेंद पर कुलदीप यादव ने साकिब महमूद (दो) को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर इंग्लैंड की पारी को समेट दिया। कप्तान जॉश बटलर (52), जेकब बेथेल (51) और फिल सॉल्ट (43) की जूझारू पारियों के दम पर इंग्लैंड ने 248 के स्कोर तक पहुंच सका। जोफ्रा आर्चर (21) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से हर्षित राणा और रवींद्र जडेजा ने तीन-तीन विकेट लिये। अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।





स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# बुलंदशहर निजी अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। सिकंदराबाद के एक निजी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया, जिससे मरीज की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, 40 वर्षीय बिलाल को सीने में दर्द की शिकायत पर सिकंदराबाद एसडीएम कॉलोनी के पास स्थित लाइफ केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, जिसके बाद परिवार वालों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित परिजनों को शांत कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अस्पताल प्रशासन से भी पूछताछ की जा रही है।

# बुलंदशहर में रोजगार मेले का आयोजन, 19 अभ्यर्थी चयनित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिला सेवायोजन कार्यालय बुलंदशहर में आज एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें दो निजी क्षेत्र के नियोजकों ने भाग लिया। इस रोजगार मेले में इंटरमीडिएट और स्नातक उत्तीर्ण कुल 28 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। साक्षात्कार प्रक्रिया के बाद 19 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। यह मेला युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उनके करियर को दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

# बुलंदशहर पुलिस की प्रभावी पैरवी से दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सजा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस


बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। बुलंदशहर पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। वर्ष 2016 में थाना नरौरा क्षेत्र निवासी एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी राजकुमार पुत्र चंद्रपाल निवासी सत्यपुरी नई बस्ती थाना नरौरा को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कारावास और 35,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस प्रकरण में थाना नरौरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दिनांक 06 फरवरी 2016 को अभियोग पंजीकृत किया था। मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366, 376डी और पोक्सो एक्ट की धारा 04 के तहत दर्ज किया गया था। इसके बाद 23 फरवरी 2016 को पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत इस मामले को चिन्हित कर मॉनीटरिंग सेल बुलंदशहर द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। अभियोजन पक्ष की ओर से सशक्त साक्ष्यों और 6 गवाहों के माध्यम से न्यायालय में प्रभावी दलीलें प्रस्तुत की गईं। इसके परिणामस्वरूप विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट, जनपद बुलंदशहर, श्री तरुण कुमार सिंह ने अभियुक्त को दोषी पाते हुए 10 वर्ष के कारावास और 35,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। इस सफलता में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता श्री सुनील कुमार शर्मा, श्री वरुण कौशिक और श्री आशुतोष का विशेष योगदान रहा। पुलिस की प्रभावी पैरवी के कारण अभियुक्त को सजा दिलाना बुलंदशहर पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

# बुलंदशहर पुलिस की प्रभावी पैरवी से दुष्कर्म के दो आरोपियों को 20-20 वर्ष की सजा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। बुलंदशहर पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एक और बड़ी सफलता हासिल की है। वर्ष 2015 में थाना खुर्जा नगर क्षेत्र में एक लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में दो आरोपियों, रवि पुत्र विजय और सुंदर पुत्र भीम सिंह, को दोषी करार दिया गया है। न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को 20-20 वर्ष के कठोर कारावास और 60,000-60,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस घटना के संबंध में 07 मार्च 2015 को थाना खुर्जा नगर में भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366 और 376डी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 08 जून 2015 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत इस मामले को चिन्हित कर मॉनीटरिंग सेल बुलंदशहर द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। अभियोजन पक्ष ने सशक्त साक्ष्य प्रस्तुत किए और सात गवाहों को न्यायालय के समक्ष परीक्षित कराया। इसके परिणामस्वरूप, 07 फरवरी 2025 को विशेष न्यायाधीश (पोक्सो-द्व), जनपद बुलंदशहर, श्री संजय कुमार यादव ने अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए 20-20 वर्ष के कारावास और 60,000-60,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। इस सफलता में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता श्री महेश राघव, श्री धर्मेंद्र राघव और श्री भरत शर्मा का विशेष योगदान रहा। बुलंदशहर पुलिस की इस प्रभावी पैरवी के चलते आरोपियों को कठोर सजा मिली, जिसे पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# नई मंडी पैंठ मार्ग के निर्माण को मिली स्वीकृति, जल्द शुरू होगा कार्य



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर के नई मंडी पैंठ मार्ग की जर्जर हालत और जलभराव की समस्या को देखते हुए उत्तर प्रदेश शासन ने इसके पुनर्निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान कर दी है। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया ने बताया कि इस मार्ग की दुर्दशा के कारण राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। यह मार्ग पशु पैंठ की ओर जाता है और विभिन्न प्रमुख स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन, मुख्य बाजार और अन्य महत्वपूर्ण रास्तों को जोड़ता है। नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी ने शासन से बजट की मंजूरी दिलवाई है। सड़क निर्माण कार्य मार्च माह में शुरू किया जाएगा। इसके अलावा, नगर की अन्य टूटी सड़कों के लिए भी शासन से बजट स्वीकृत कराने की प्रक्रिया जारी है। इस महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण से स्थानीय निवासियों और राहगीरों को बड़ी राहत मिलेगी। लंबे समय से क्षतिग्रस्त इस मार्ग के पुनर्निर्माण की स्वीकृति को लेकर नगरवासियों में हर्ष व्याप्त है। स्थानीय प्रशासन द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए उठाया गया यह कदम सराहनीय बताया जा रहा है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। आगामी 10 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल संचालन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग एवं स्कूलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस अभियान के प्रभारी ने कृमि मुक्ति दिवस पर की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए एलबेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी, जिससे उनके स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होगा, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी और एनीमिया नियंत्रण में मदद मिलेगी।

सभी स्कूलों की उनके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों से मैपिंग कराई जा चुकी है और आवश्यक मात्रा में एलबेंडाजोल की गोलियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने निर्देश दिए कि 10 फरवरी को सभी स्कूलों में नामांकित बच्चों को 100% एलबेंडाजोल की गोली खिलाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि गोली खाली पेट नहीं खिलाई जाए, बल्कि लंच के बाद ही दी जाए और यदि किसी बच्चे को कोई परेशानी होती है, तो तुरंत डॉक्टर को सूचित किया जाए।

उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए उन्हें कृमिनाशक दवा अवश्य खिलाएं। यह अभियान वर्ष में दो बार चलाया जाता है, जिससे बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर किया जा सके। बैठक में सीडीओ श्री कुलदीप मीना, सीएमओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बुलंदशहर में अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था को लेकर एसएसपी ने की समीक्षा बैठक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस





बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जनपद में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ता और आगामी त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार ने बीती रात पुलिस लाइन स्थित सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) श्री शंकर प्रसाद, सहायक पुलिस अधीक्षक (नगर) श्री ऋजुल, समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिले में अपराधों की रोकथाम, लंबित गंभीर मामलों के शीघ्र निस्तारण और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर कड़े निर्देश दिए। उन्होंने डकैती, लूट, हत्या, महिला उत्पीड़न और अनुसूचित जाति/जनजाति उत्पीड़न से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए। आगामी संत रविदास जयंती, शब-ए-बारात, वैलेंटाइन डे और महाशिवरात्रि के मद्देनजर कानून-व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए। इसके तहत पीस कमेटी की बैठकों का आयोजन कर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करने और सतर्क गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए। जनपद में हिस्ट्रीशीटर, टॉप-10 अपराधियों और जिलाबदर किए गए अपराधियों पर सख्त निगरानी रखने तथा वारंटी और इनामी अपराधियों की अधिक से अधिक गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा गया। महिला अपराधों के मामलों में अभियोजन प्रक्रिया को प्रभावी बनाने और दोषियों को शीघ्र सजा दिलाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा, जनपद में अवैध शराब और मादक पदार्थों की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिए गए। पुलिस अधिकारियों को जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने और उनकी समस्याओं का शीघ्र एवं विधिक समाधान सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई। पुलिस की छवि को और अधिक सकारात्मक बनाने के लिए जनता के साथ संवाद और समन्वय बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। समीक्षा बैठक में आईजीआरएस प्रणाली के तहत प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और थाना कार्यालयों के अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को आगामी त्योहारों की तैयारियों को समय से पूरा करने और जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

# अवैध शस्त्र तस्कर रिजवान अंसारी पर NSA की कार्रवाई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिले में अवैध हथियारों की तस्करी में संलिप्त कुख्यात तस्कर रिजवान अंसारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत कार्रवाई की है। रिजवान अंसारी पुत्र जरीफ पेंटर, निवासी मौहल्ला शेख साहिबान, छोटा हकीम, कस्बा व थाना खुर्जा नगर, जनपद बुलंदशहर, दिल्ली में अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में पूर्व में जेल जा चुका था। हाल ही में 26 दिसंबर 2024 को जमानत पर रिहा होने के बाद उसने अपने साथियों के साथ मिलकर इलाके में जश्न मनाया था, जिसमें अवैध शस्त्रों से हवाई फायरिंग, ढोल बजवाने और पटाखे चलाने जैसी घटनाएं हुईं, जिससे स्थानीय लोगों में भय और दहशत का माहौल बन गया। इस घटना के बाद थाना खुर्जा नगर में रिजवान अंसारी के खिलाफ मुअसं-1240/24 धारा 191(1), 125, 288 बीएनएस व 07 क्रिमिनल लॉ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने 27/28 दिसंबर 2024 की रात रिजवान अंसारी और उसके पुत्र को गिरफ्तार कर लिया था। इस दौरान उनके पास से दो अवैध पिस्टल, छह जिंदा कारतूस, सात अवैध तमंचे और एक वाहन बरामद किया गया। वर्तमान में अभियुक्त जिला कारागार बुलंदशहर में निरुद्ध है और वह जमानत पर बाहर आने का प्रयास कर रहा था, जिसे देखते हुए थाना खुर्जा नगर पुलिस ने 5 फरवरी 2025 को रिजवान अंसारी के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत कार्रवाई की और जिला कारागार में ही उसे तामील कराया गया। रिजवान अंसारी का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर हत्या के प्रयास, अवैध हथियारों की तस्करी और आयुध अधिनियम के तहत कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

वर्ष 2013 में उसके खिलाफ थाना खुर्जा नगर में धारा 307/324 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। वर्ष 2024 में उस पर कई अन्य मामले दर्ज किए गए, जिनमें थाना खुर्जा देहात, थाना क्राइम ब्रांच द्वारका दिल्ली, थाना कोतवाली नगर बुलंदशहर और थाना खुर्जा नगर में आयुध अधिनियम के तहत गंभीर धाराएं शामिल हैं। पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई को जनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अवैध हथियारों की तस्करी पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों पर इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि जनपद में शांति और सुरक्षा बनी रहे।

# राजस्व विभाग के प्रयासों से सरकारी जमीनें कब्जा मुक्त, श्रेय लेने की होड़ में अधिशासी अधिकारी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस






औरंगाबाद, बुलंदशहर। नगर पंचायत की बेशकीमती सरकारी जमीनों पर लगातार हो रहे अवैध कब्जों को मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी श्रुति शर्मा के निर्देश पर एसडीएम सदर नवीन कुमार के नेतृत्व में राजस्व विभाग ने पैमाइश अभियान चलाकर कई सरकारी भूमियों को कब्जा मुक्त कराया। हालांकि, इन सफलताओं का श्रेय लेने की होड़ में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर सबसे आगे नजर आ रहे हैं, जबकि हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

नगर पंचायत की इन जमीनों को मुक्त कराने में सबसे अहम भूमिका एसडीएम सदर नवीन कुमार और नायब तहसीलदार औरंगाबाद ललित नारायण प्रशांत की रही। कस्बे के सूरजपुर टीकरी रोड स्थित कब्रिस्तान की छह बीघा जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत मोहल्ला सादात निवासी सैयद जर्रार हुसैन उर्फ पोलू ने शासन-प्रशासन से की थी। जिलाधिकारी श्रुति शर्मा ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए एसडीएम सदर नवीन कुमार को कार्रवाई के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार ललित नारायण प्रशांत ने सोमवार को कब्रिस्तान की जमीन की नाप कराकर उसे कब्जा मुक्त कराया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर को बोर्ड और खूंटियां लगवाने के निर्देश दिए, लेकिन इन आदेशों पर कोई अमल नहीं किया गया। इसके बाद मंगलवार को नायब तहसीलदार ने खुद मौके पर पहुंचकर बोर्ड और खूंटियां लगवाकर जमीन को सुरक्षित कराया। इसी दिन उन्होंने 1287 गाटा की दो बीघा भूमि को भी भूमाफियाओं के कब्जे से मुक्त कराया। गौरतलब है कि नगर पंचायत अध्यक्ष सलमा अब्दुल्ला ने भी अधिशासी अधिकारी को पंद्रह दिन पहले एक भूमि पर अवैध निर्माण रुकवाने के लिए पत्र लिखा था, लेकिन इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। बावजूद इसके, अधिशासी अधिकारी ने मीडिया में बयान जारी कर ढाई सौ करोड़ रुपये की भूमि को कब्जा मुक्त कराने का श्रेय खुद लेने में कोई देरी नहीं की। आश्चर्यजनक रूप से नगर पंचायत कार्यालय के ठीक सामने स्थित अतिक्रमण हटाने के बाद भी वहां अवैध कब्जा बरकरार है। यह दर्शाता है कि नगर पंचायत की वास्तविक भूमिका को नजरअंदाज कर केवल श्रेय लेने की राजनीति हो रही है, जबकि प्रशासनिक अधिकारियों के प्रयासों से ही सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त किया गया है।

# स्कूली वाहनों की सुरक्षा मानकों की जांच के लिए जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विद्यालय यान परिवहन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एआरटीओ प्रवर्तन द्वारा बताया गया कि जनपद में संचालित विद्यालयों के वाहनों की सुरक्षा मानकों के अनुरूप निगरानी की जाती है और सभी स्कूली वाहनों को निर्धारित मानकों के अनुसार ही संचालित किया जाना आवश्यक है। बैठक में स्कूल संचालकों और उनके प्रतिनिधियों को बच्चों की सुरक्षा के लिए वाहनों में आवश्यक सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद के सभी स्कूली वाहनों की जांच की जाए और मानकों का पालन न करने वाले वाहनों को सीज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही, स्कूल संचालकों को नोटिस जारी कर निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित मानकों को पूरा करने के बाद ही स्कूली वाहनों का संचालन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एआरटीओ को निर्देशित किया गया कि शत-प्रतिशत स्कूली वाहनों की जांच सुनिश्चित करें और यह देखा जाए कि कोई भी वाहन बिना मानकों के संचालित न हो। सभी स्कूल संचालकों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि उनके वाहनों के ड्राइवर का पुलिस सत्यापन हो, आंखों की जांच पूरी हो, ड्राइवर की वर्दी निर्धारित हो, वाहन का फिटनेस सर्टिफिकेट हो और लॉग बुक अपडेट हो। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि चालक और परिचालक को श्रम विभाग द्वारा निर्धारित वेतन से कम वेतन न दिया जाए और बच्चों से शासन द्वारा निर्धारित किराया ही लिया जाए। बैठक में सीडीओ श्री कुलदीप मीना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रॉली चोरी करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की ट्रॉली व ट्रैक्टर बरामद



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलन्दशहर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना पहासू पुलिस ने 07 फरवरी 2025 को अभिसूचना के आधार पर सोमना रोड स्थित आम के बाग से एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से चोरी की गई एक ट्रॉली और घटना में प्रयुक्त एक ट्रैक्टर बरामद किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त का नाम आलिम पुत्र नवी शेर है, जो ग्राम ऐकरी, थाना महुआखेड़ा, जनपद अलीगढ़ का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से एक चोरी की ट्रॉली और एक स्वराज ट्रैक्टर बरामद किया, जिसका इस्तेमाल अपराध में किया गया था। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने 01 फरवरी 2025 को थाना पहासू क्षेत्र स्थित खाद्य बीज भंडार से ट्रॉली चोरी की थी। इस मामले में थाना पहासू में पहले से मुअसं- 32/25 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज था, जिसमें अब बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। अभियुक्त आलिम का आपराधिक इतिहास भी लंबा है। उस पर थाना जवां, जनपद अलीगढ़ में हत्या से जुड़े मुअसं- 31/16 धारा 201/302 भादवि, थाना क्वार्सी, जनपद अलीगढ़ में मारपीट और दंगा फैलाने के मुअसं-1476/17 धारा 147/148/323/504 भादवि, थाना महुआखेड़ा, जनपद अलीगढ़ में महिला से अभद्रता सहित अन्य धाराओं में मुअसं- 233/22 धारा 147/148/323/354/452/504/506 भादवि तथा थाना पहासू, जनपद बुलन्दशहर में मुअसं- 32/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना पहासू प्रभारी निरीक्षक रामफल सिंह, उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक संजय सिंह, उपनिरीक्षक गौरव कुमार और हेड कांस्टेबल सिद्धार्थ यादव शामिल थे।

# ऑनलाइन ठगी के शिकार व्यक्ति को थाना अहार पुलिस ने 15,000 रुपये वापस दिलाए




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। जनपद बुलन्दशहर के थाना अहार पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति को उसकी मेहनत की कमाई वापस दिलाकर एक सराहनीय कार्य किया है। दिनांक 12 अक्टूबर 2024 को ग्राम चरौरा निवासी विक्रम गिरि पुत्र रघुवीर गिरि ने 1930 हेल्पलाइन पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई थी कि फोन-पे के माध्यम से उनके खाते से 15,000 रुपये की ऑनलाइन ठगी की गई है। शिकायत मिलते ही थाना अहार की साइबर हेल्प डेस्क सक्रिय हुई और अथक प्रयासों के बाद ठगी गई पूरी राशि वापस आवेदक के बैंक खाते में जमा करवाई गई। राशि वापस मिलने पर आवेदक विक्रम गिरि ने थाना अहार पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। पुलिस ने नागरिकों को सतर्क करते हुए अपील की है कि किसी अनजान व्यक्ति से अपना खाता नंबर, पिन, ओटीपी, सीवीवी जैसी महत्वपूर्ण जानकारी साझा न करें और धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करें।

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस लाइन में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर



## 100 दिवसीय सघन टी ०बी० खोजी अभियान के बढ़ते कदम

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ ( पुष्पेन्द्र कुमार) मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत चल रहे सौ दिवसीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद के मेरठ रोड स्थित पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में एक टी0 बी0 स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सम्मिलित सभी जवानों एवं अधिकारियों को जिला क्षय रोग अधिकारी के द्वारा क्षय रोग के लक्षण उपचार व निदान के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर सभी जवानों एवं अधिकारियों के स्वास्थ्य की जांच भी की गई। स्वास्थ्य जांच में टीवी से संबंधित 10 लक्षणों के अलावा ब्लड शुगर एवं बीपी की जांच भी की गई। इस अवसर पर जिला पी0 पी0 एम0 समन्वयक सुशील चौधरी ने बताया कि इस सौ दिवसीय सघन टी0 बी0 खोजी अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी विभागों के कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारी एवं अधिकारियों की स्क्रीनिंग कराए जाने का आदेश शासन द्वारा प्राप्त हुआ है इसके अंतर्गत सभी विभागों के कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा जाकर सभी कर्मचारी व अधिकारियों की स्क्रीनिंग किया जाना है इसी कार्यक्रम में आज जनपद के गढ़मुक्तेश्वर स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर अधिकारियों व कर्मचारियों की स्क्रीनिंग की गई । पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में कार्यक्रम के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, क्षेत्राधिकार लाइन सुश्री अनीता चौहान, प्रतिशत निरीक्षक श्री महेश चंद्र थपलियाल सहित प्रभारी निरीक्षक श्री मुनिश प्रताप सिंह का सहयोग रहा।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत सीओ गढ़मुक्तेश्वर स्तुति सिंह द्वारा छात्राओं व बालिकाओं को किया जागरूक






**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ ।( पुष्पेन्द्र कुमार) मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी गढ़मुक्तेश्वर स्तुति सिंह द्वारा थाना हापुड़ नगर क्षेत्रांतर्गत एसएसवी पीजी कॉलेज में छात्राओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, वीमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराधों व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

# आर्य समाज कविनगर में स्वर्णजयंती महोत्सव का हुआ शुभारम्भ

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



गाजियाबाद,शुक्रवार,7-02-2025 को आर्य समाज कविनगर के 50 वर्ष पूर्ण होने पर त्रिदिवसीय स्वर्ण जयन्ती महोत्सव का भव्य शुभारंभ आचार्य प्रमोद शास्त्री के ब्रह्मत्व में महायज्ञ से हुआ।मुख्य यज्ञमान सर्वश्री डा. मनीष कंसल एवं श्रीमती शिल्पी कंसल,लक्ष्मण सिंह चौहान एवं श्रीमती सुमन चौहान रहे।यज्ञोप्रांत आचार्य जी ने यज्ञमानों को आशीर्वाद दिया और सुखद जीवन की प्रभु से प्रार्थना की।संयोग से आज नंदनी कंसल का जन्मदिन था उन्होंने नंदनी को वेदमंत्र एवं पुष्पवर्षा से बधाई एवं शुभकामनायें दीं। नॉएडा से पधारी आर्य जगत की सुप्रसिद्ध भजनोपदेशिका आचार्या अलका आर्या एवं योगी प्रवीण आर्य ने ईश्वर भक्ति के सुन्दर भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य वक्ता आचार्य डा वेद पाल ने ईश्वर के स्वरूप की चर्चा करते हुए बताया कि ईश्वर सर्वत्र व्यापक है हम सीसी कैमरे की तरह उसकी निगरानी में हैं,ऐसा जानने वाला व्यक्ति पापाचरण में संलिप्त नहीं होता।इसके विपरीत सर्वत्र ना मानने वाला व्यक्ति सोचता है प्रभु मुझे नहीं देख रहा तो वह पाप कर देता है जिसका उसे फल दुःख के रूप में भोगना पड़ता है।ईश्वर सच्चिदानंद स्वरुप है।अर्थात उसमें तीन गुण हैं सत,चित्त और आनंद। जीवात्मा में दो गुण सत और चित्त प्रकृति में एक गुण सत।आनंद चाहिए तो परमात्मा की शरण में जाना पड़ेगा। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से पधारे स्वामी प्राण देव ने अपने उद्बोधन में श्रोताओं को कहा क्रि आप आर्य समाज के ज्ञानकुंड में स्नान कर रहे हैं।उन्होने आगे कहा क्रि श्रवण, मनन,निदिध्यासन आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्ति के लिए किए जाने वाले तीन अभ्यास हैं।ये अभ्यास गुरु से सत्य सुनने,उस पर विचार करने और एकाग्रता पर ध्यान केंद्रित करने से जुड़े हैं।श्रवण सत्य को सुनना,मनन उसका चिंतन करना,निदिध्यासन उसमें एकनिष्ठ रहना।महर्षि पतंजलि द्वारा प्रतिपादित यम और नियम साधक की मनोदशा को उन्नत बनाते हैं।अविद्या का नाश होता है।ज्ञान का प्रकाश होता है।जीवन सतोगुण प्रधान हो जाता है।उनके अनुसार इस मार्ग पर चलकर ईश्वर साक्षात्कार एवं मोक्ष प्राप्ति संभव है। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे समाज सेवी हिमांशु गर्ग ने कहा कि विद्वानों ने आज जो ईश्वर के स्वरुप के विषय में जो बताया है यदि हम उसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेंगे तो प्रभु कृपा हम पर बनी रहेगी। मंच का कुशल संचालन यशस्वी मंत्री लक्ष्मण सिंह चौहान ने किया। समाज के प्रधान वीके धामा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री डा. वीरेन्द्र नाथ सरदाना,डा. प्रमोद सक्सेना, हरवीर सिंह, सत्य पॉल आर्य,आशा रानी आर्य, बृजपाल गुप्ता, महिपाल सिंह तोमर, प्रेम पाल शर्मा,नरेन्द्र आर्य आदि उपस्थित रहे। शांतिपाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# डी. फार्मेसी छात्रों के लिए गंगा जल उपचार संयंत्र, प्रताप विहार, का सफलतापूर्वक फील्ड विजिट किया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**




हापुड़/एनसीआर। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी (एसजीयू) गाजियाबाद के फार्मास्युटिकल साइंसेज स्कूल ने अपने डी. फार्म प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए गंगा जल उपचार संयंत्र, प्रताप विहार, गाजियाबाद का एक साक्षात और शैक्षिक फील्ड विजिट सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस आयोजन का उद्देश्य जल उपचार प्रक्रियाओं में सैद्धांतिक ज्ञान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच के अंतर को कम करना था, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य और फार्मास्युटिकल विज्ञान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। फार्मास्युटिकल साइंसेज स्कूल, एसजीयू गंगा जल जल उपचार संयंत्र, प्रताप विहार, गाजियाबाद के अधिकारियों कार्यकारी अभियंता ब्रह्मनाद, परियोजना अभियंता मुकेश राजपूत और जे.ई. तनवीर के आभारी हैं। यह दौरा फार्मास्युटिकल साइंसेज स्कूल की निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) शलिनी शर्मा के नेतृत्व में एसजीयू के निरंतर प्रयासों का हिस्सा था, जो अपने छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि उन्हें उनके भविष्य के पेशेवर करियर की जटिलताओं के लिए तैयार किया जा सके। इस पहल ने छात्रों को जल शुद्धिकरण के विभिन्न चरणों को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर दिया, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों, विशेष रूप से फार्मास्युटिकल और स्वास्थ्य देखभाल को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। एसजीयू के सम्माननीय कुलपति, प्रोफेसर (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने इस पहल की सराहना की और इसके महत्व को उजागर किया, जिसमें छात्रों को महत्वपूर्ण वैज्ञानिक सिद्धांतों और उनके वास्तविक दुनिया के प्रासंगिकता के बारे में समझ बढ़ाने के लिए व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा, इस तरह के फील्ड विजिट छात्रों के दृष्टिकोण को विस्तृत करने में महत्वपूर्ण होते हैं, जो उन्हें फार्मास्युटिकल साइंसेज और सार्वजनिक स्वास्थ्य दोनों में अत्यधिक महत्वपूर्ण व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बारे में अमूल्य जानकारी प्रदान करते हैं। फार्मास्युटिकल साइंसेज स्कूल की प्रोफेसर डॉ. जसप्रीत कौर और सुश्री पलक हिंदवाल के साथ छात्रों ने जल उपचार संयंत्र का दौरा किया। उन्होंने जल शुद्धिकरण में शामिल जटिल प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की, जिसमें फिल्ट्रेशन, कीटाणुशोधन और गुणवत्ता आश्वासन तकनीके शामिल थीं। इस भ्रमण के दौरान, छात्रों को यह समझने का अवसर मिला कि कैसे वैज्ञानिक सिद्धांतों को एक महत्वपूर्ण उद्योग क्षेत्र में लागू किया जाता है और ऐसे अभ्यास सार्वजनिक जल सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह फील्ड विजिट एसजीयू की ओर से छात्रों को वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के साथ शैक्षिक अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत बनाता है। इस घटना ने स्थायी जल प्रबंधन के महत्व को भी उजागर किया, जो न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए, बल्कि फार्मास्युटिकल और स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्रों की अखंडता बनाए रखने के लिए भी आवश्यक है। एसजीयू का फार्मास्युटिकल साइंसेज स्कूल अपने छात्रों को उनके करियर में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के अपने मिशन को निरंतर आगे बढ़ाता है। ऐसे शैक्षिक भ्रमण आयोजित करके, एसजीयू सुनिश्चित करता है कि उसके छात्र फार्मास्युटिकल और स्वास्थ्य देखभाल उद्योगों में लगातार विकसित हो रही चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हों। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी नवाचार, साकारात्मक सोच और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि छात्रों को उनके चयनित क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने के लिए तैयार किया जा सके।

# कक्षा 12 की छात्र -छात्राओं की विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया

## मिस फेयरवेल अंशिका पांडे व मिस्टर फेयरवेल अलफैज अली दीवान को चुना गया






**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ ।(पुष्पेन्द्र कुमार) मेरठ रोड स्थित श्रीमती कमला अग्रवाल पब्लिक स्कूल हापुड़ में कक्षा 12 की छात्र -छात्राओं की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्यो रेखा शर्मा व पारुल शर्मा, मैनेजर एडमिन बृजमोहन गुप्ता, मैनेजर एस्टेट नरेश अग्रवाल ने रिबन काटकर किया। तत्पश्चात कक्षा 11 के छात्र -छात्राओं ने कक्षा 12 की छात्राओं को तिलक लगाकर व फूल बरसा कर स्वागत किया। छात्राओं द्वारा विद्यालय की प्रबंधक कमेटी को तिलक लगाकर व फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया । तत्पश्चात् विद्यालय की प्रबंधन कमेटी ने मां सरस्वती की छाया प्रति पर तिलक लगाकर व चरणों में पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 12वीं कक्षा के छात्र -छात्राओं के स्वागत में कक्षा 11 के छात्र - छात्राओं ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विदा होने वाले छात्र , छात्राओं ने विद्यालय से एकत्र की हुई यादें अपनी प्रधानाचार्या एवं समस्त शिक्षकगणों के प्रति अपने अनुभव साझा किये। बच्चों के व्यक्तित्व एवं प्रतिभा के आधार पर उनको टाइटल दिए गए। कक्षा 12 की छात्राओं द्वारा कैटवॉक किया गया। मिस और मिस्टर फेयरवेल प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं को तीन चरणों के माध्यम से चयन किया गया। जिसमें मिस फेयरवेल अंशिका पांडे व मिस्टर फेयरवेल अलफैज अली दीवान को चुना गया। प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने छात्रों को बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं व कहा कि वे अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए अपने जीवन में सफलता हासिल करें और अपने लक्ष्य के लिए लगातार प्रयत्नशील रहें। अंत में प्रधानाचार्या ने नम आंखों से सभी छात्रा- छात्राओं को शुभ आशीष विदाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाए में विद्यालय की अध्यापक , अध्यापिकाओं ( रीना सिंह, सोनिया रानी, अनुराग ,आकिल ,अंकित) व सेवक, सेविकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# प्रोत्साहन प्रकल्प के 3 महिला खिलाड़ियों रिया वर्मा ,सौम्या राय एवं रिद्धिमा राय का उत्तराखंड में आयोजित हो रही 38वें नेशनल गेम्स में मॉडर्न पेंटाथलान में चयन

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**



प्रोत्साहन प्रकल्प के 3 महिला खिलाड़ियों रिया वर्मा ,सौम्या राय एवं रिद्धिमा राय का उत्तराखंड में आयोजित हो रही 38वें नेशनल गेम्स में मॉडर्न पेंटाथलान में चयन हुआ है ।जो क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है । प्रोत्साहन प्रकल्प के सूत्रधार एवं मॉडर्न पेंटाथलान के राष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी रामानंद राय जो इस प्रतियोगिता में भी राष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं ने बताया कि हापुड़ जिले के रिया वर्मा बायथल में प्रतिभा करेंगी जिसमें 1600 मी दौड़ने के उपरांत 200 मी तैरना और पुन:1600 मी दौड़ना होता है, वही प्रोत्साहन कुटीर बाबूगढ़ में प्रशिक्षण ले रही सौम्या राय ट्रायथल में भाग लेंगी जिसमें रनिंग ,शूटिंग एवं स्विमिंग करना होता है। सबसे कठिन इवेंट टेट्राथलान में रिद्धिमा राय प्रतिभा करेंगी जिसमें रनिंग ,शूटिंग एवं स्विमिंग के अलावा तलवारबाजी भी करनी होती है। मॉडर्न पेंटाथलान का शुभारंभ 8 फरवरी से हो रहा है जो 13 फरवरी तक चलेगा। रामानंद राय ने बताया कि कम संसाधन में इन बच्चों की उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत है। आज सुबह बच्चों को उत्तराखंड के हल्द्वानी विदा करते हुए जिला तैराकी संघ के सहसचिव राजीव वर्मा ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय बाबूगढ़ छावनी के पीजीटी केमेस्ट्री मुकेश कुमार सैनी ने भी आशीर्वाद दिया। विदित हो कि मॉडर्न पेंटाथलन सन् 1912 से ओलंपिक गेम्स का हिस्सा है और पिछले वर्ष से ही नेशनल गेम्स और एशियाई गेम्स में शामिल किया गया है। इन बच्चों को शुभकामनाएं देने वालों में पंकज अग्रवाल, हापुड़ जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष डॉ आनंद प्रकाश, बैनर्जी भारती, उप क्रीड़ा अधिकारी मधु अवस्थी ,सुधीर शर्मा, संजीव राणा राजकुमार अग्रवाल आदि थे।

# माता रमाबाई अंबेडकर जी की 127 वी जयंती मनाई



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) मोदीनगर रोड स्थित आदर्श नगर कालोनी (हापुड़) स्थित डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय , में भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉश आंबेडकर जी की धम्मपत्नी माता रमाबाई अंबेडकर जी की 127 वी जयंती मनाई गई इनका जन्म 7 फ़रवरी, 1898 को महाराष्ट्र के दाभोल गांव के पास वंणदगांव में हुआ था. आर्थिक तंगी के कारण के बाद भी उन्होंने मेहनत करके बाबा साहेब को विदेश में पढ़ाई के लिए सहयोग किया माता रमाबाई को %त्यागवंती रमाई% के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपने जीवन में अनेक त्याग किए और दूसरों के लिए प्रेरणा बनीं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि हमें कभी भी हार नहीं माननी चाहिए और हमेशा अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। महान त्याग मूर्ति माता रमा की जयंती पर पुस्तकालय के विद्यार्थियों और अन्य गणमान्य लोगों ने मिलकर कार्यक्रम में अपने अपने विचार दिए इस अवसर पर विभिन्न लोग उपस्थित थे जो इस प्रकार हैं मुख्य अतिथि गंगा राम दरोगा जी संचालक प्रोश ओमपाल सिंह विकास वर्मा , विनोद कुमार गौतम , गोविंदा सागर , हनी सिंह , शिव कुमार,प्रिंस कुमार, सूरज कुमार, वंश ,विकास ने पुष्प अर्पित किए।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एक से 19 साल तक के बच्चों और किशोरों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एक से 19 साल तक के बच्चों और किशोरों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। सीएमओ हापुड़ डा. सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि 10 फरवरी को सभी सरकारी, निजी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक से 19 वर्ष के आयु के बच्चों और किशोरों को यह दवा खिलाई जाएगी। इस दिन जो बच्चे दवा खाने से वंचित रह जाएंगे, उन्हें 14 फरवरी को दवा खिलाई जाएगी।


# हापुड़ पुलिस व लेबर इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने चलाया बालश्रम रोकथाम अभियान



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

पिलखुवा। जनपद हापुड़ के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना एएचटीयू पुलिस एवं लेबर इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने बाल संरक्षण अभियान के तहत बालश्रम रोकथाम अभियान चलाया। इस अभियान के तहत दुकानों, होटलों, कारखानों और वर्कशॉप आदि की गहन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान थाना पिलखुवा क्षेत्र में एक दुकान पर काम कर रहे बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और दुकान मालिक के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें सुरक्षित भविष्य प्रदान करना है। प्रशासन ने आम जनता से बालश्रम रोकथाम में सहयोग करने और किसी भी बच्चे के जबरन श्रम से जुड़े मामलों की तुरंत सूचना देने की अपील की । पुलिस और श्रम विभाग आगे भी इस तरह की कार्रवाइयों को जारी रखेगा ताकि जनपद को बालश्रम मुक्त बनाया जा सके

# रोडरेज में मारपीट कर मोबाइल छीनने वाले तीन युवक गिरफ्तार



ट्रांस हिंडन । वसुंधरा फ्लाईओवर पर रोडरेज में मारपीट कर धमकी देने के अलावा मोबाइल और बैग छीनकर ले जाने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों से बाइक, मोबाइल व पैसे बरामद हुए हैं। मामले में लूट की रिपोर्ट दर्ज थी। सद्दीकनगर निवासी लोकेंद्र त्यागी ने बताया कि सोमवार को बेटा शुभांष स्कूटी से घर लौट रहा था। वसुंधरा फ्लाईओवर पर बाइक सवार तीन युवकों ने झपट्टा मारकर बेटे से बैग और मोबाइल छीन लिया। विरोध पर गाली-गलौज और मारपीट कर भाग गए थे। बैग में ढाई हजार रुपये और डेबिट कार्ड था। लिंकरोड पुलिस का कहना है कि छानबीन के बाद रितिक उर्फ अनुज निवासी धामपुर बिजनौर हाल निवासी गौतमबुद्ध नगर, अनुज उर्फ गोलू और विपिन यादव उर्फ राहुल निवासी पुराना शिव मंदिर के पास धारा वाली गली गांव साहिबाबाद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि उनकी बाइक में स्कूटी की टक्कर हो गई थी, जिससे नुकसान हो गया था। उसकी भरपाई के लिए बोलने पर विवाद हो गया। इस पर वह मोबाइल फोन और बैग छीनकर भाग गए थे।

## आगरा के बटेश्वर में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की पंचायत सम्पन्न



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

आगरा। बटेश्वर में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की पंचायत आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने पूजा-अर्चना के बाद पंचायत को संबोधित किया। इस अवसर पर संगठन के कई नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। पंचायत में राम अवतार को युवा जिला अध्यक्ष आगरा, दिनेश ठाकुर को जिला सचिव, अजीत सिंह को तहसील अध्यक्ष बाह और लक्ष्मीकांत शर्मा को जिला प्रवक्ता मनोनीत किया गया। पंचायत में फिरोजाबाद जिला अध्यक्ष नीरज यादव, आगरा जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान, प्रदेश सचिव महादेव गोस्वामी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बंटी सिंह लोधी, आशु ठाकुर, राजेंद्र सिंह जादौन समेत सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। इस अवसर पर ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सरकार से उनके हक के लिए संघर्ष जारी रखने की बात कही। पंचायत में किसानों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार किया गया और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए आगे की रणनीति तय की गई।

## नई मंडी रोड निर्माण में देरी पर भाजपा नेता करेंगे शिकायत



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। गुलावठी में नई मंडी रोड निर्माण में हो रही देरी से नगरवासियों में गहरा आक्रोश है। इस मुद्दे को लेकर भाजपा नेता पीडब्ल्यूडी विभाग की शिकायत आला कमान से करने की तैयारी में हैं। चेयरमैन शैलेश तेवतिया और ईओ निहारिका चौहान ने पांच अक्टूबर 2024 को लोक निर्माण विभाग, बुलंदशहर के अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर जानकारी दी थी कि दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से नई मंडी गेट से जीटी रोड तक सीसी रोड और नाली निर्माण के लिए नगर विकास विभाग से 1 करोड़ 33 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। पीडब्ल्यूडी ने 22 नवंबर 2024 को पालिका से पहली किश्त भेजने का अनुरोध किया, लेकिन इसके लिए आवश्यक खाता नंबर प्रदान नहीं किया। इसके बाद 28 जनवरी 2025 को भी चेयरमैन और ईओ ने खाता नंबर भेजने का पत्र भेजा, लेकिन अब तक पालिका को पीडब्ल्यूडी द्वारा खाता नंबर नहीं भेजा गया है। इस कारण से मंडी रोड निर्माण कार्य में लगातार देरी हो रही है और नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। भाजपा नेता इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ उच्च स्तर पर शिकायत करने की योजना बना रहे हैं।

## नवदीप संस्था महासचिव फुरकान सुल्तानी की पत्नी के निधन पर नगर में शोक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। गुलावठी नगर के मोहल्ला शराफतुल्ला निवासी मोहम्मद फुरकान सुल्तानी की पत्नी नसीम बानो का लंबी बीमारी के बाद मेरठ के एक निजी अस्पताल में आज सुबह निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों और नगरवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। सांत्वना देने के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके निवास पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। फुरकान सुल्तानी नवदीप संस्था से जुड़े हुए पदाधिकारी हैं और नगर में समाज सेवा के कार्यों में भी सक्रिय रहते हैं। उनकी पत्नी नसीम बानो पिछले कई दिनों से मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती थीं, जहां आज सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। अस्र की नमाज के बाद पंचपीर कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनके जनाजे में रिश्तेदारों के अलावा नगर के कई सामाजिक और राजनीतिक लोग शामिल हुए और नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

## 2027 में समाजवादी पार्टी बनाएगी सरकार - अर्चना पांडे



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के शिकारपुर विधानसभा लोहरा में पीडीए की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सपा महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव अर्चना पांडे ने आगामी चुनावों को लेकर अपनी रणनीति साझा की। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद जनता को कोई लाभ नहीं मिला है। सरकार की नीतियां विफल साबित हुई हैं, जिससे आम जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अर्चना पांडे ने दिल्ली विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को पूरी तरह नकार दिया और आम आदमी पार्टी को समर्थन देकर उसकी सरकार बनाई। उन्होंने दावा किया कि 2027 के चुनावों में समाजवादी पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और प्रदेश में बदलाव की लहर आएगी। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने नवनियुक्त नगर प्रभारी निरीक्षक का स्वागत किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस.के. सक्सेना के नेतृत्व में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने नगर कोतवाली में नवनियुक्त नगर प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र राठौर से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर और अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया तथा नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस.के. सक्सेना ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए और पुलिस का सकारात्मक रवैया व्यापारियों को भयमुक्त व्यापार करने में सहायक होता है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर हमेशा सकारात्मक रहते हैं। जिला अध्यक्ष नरेश गोयल ने कहा कि व्यापारी हमेशा प्रशासन का सहयोग करता रहा है और आगे भी करता रहेगा, साथ ही प्रशासन से भी सही कार्यों में सहयोग की अपेक्षा रखता है।

जिला महामंत्री अनुराग अग्रवाल ने सभी पदाधिकारियों का नवनियुक्त नगर प्रभारी निरीक्षक से परिचय कराया।

इस अवसर पर नगर कोतवाल धर्मेंद्र राठौर ने आश्वासन दिया कि व्यापारी सुरक्षा और उचित कार्यों के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर विशेष रूप से जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सचिन गोयल, जिला सचिव सुमित माहेश्वरी, जिला कोषाध्यक्ष अरुण गोयल, नगर प्रभारी विजय गुप्ता, नगर युवा अध्यक्ष अमित बहल, जिला महामंत्री युवा संचित एलाइंस, जिला उपाध्यक्ष अजय गोयल, जितेंद्र गोयल, अशोक बंसल, शिवेन गोयल, पियूष बंसल, नवीन बंसल, रॉबिन अग्रवाल, विश्वास सिंघल आदि मौजूद रहे।

## सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में प्रोबायोटिक्स की महत्वपूर्ण भूमिका

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के लिए एक गंभीर स्वास्थ्य चिंता बना हुआ है, जिसका मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) के उच्च-जोखिम वाले स्ट्रेन का संक्रमण है। हाल के शोध से यह पता चला है कि वेजाइनल माइक्रोबायोम, यानी योनि क्षेत्र में मौजूद बैक्टीरिया और सूक्ष्मजीवों का समुदाय, इस कैंसर की रोकथाम में अहम भूमिका निभा सकता है। प्रोबायोटिक्स, जिन्हें आंतों के बैक्टीरिया को संतुलित करने के लिए जाना जाता है, एक स्वस्थ वेजाइनल माइक्रोबायोम बनाए रखने और सर्वाइकल कैंसर को रोकने में मददगार साबित हो सकते हैं। सीके बिरला हॉस्पिटल, गुरुग्राम की ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी विभाग की निदेशक, डॉ. अरुणा कालरा के अनुसार, वेजाइनल माइक्रोबायोम मुख्य रूप से लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया से बना होता है, जो संक्रमणों से बचाव के लिए आवश्यक है। हालांकि, एंटीबायोटिक्स, तनाव, अत्यधिक वेजाइनल वॉश, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली और खराब आहार के कारण इस माइक्रोबायोम में असंतुलन हो सकता है, जिससे एचपीवी संक्रमण बढ़ सकता है और सर्वाइकल कैंसर विकसित होने का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. कालरा ने बताया कि प्रोबायोटिक्स कई तरीकों से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में मददगार हो सकते हैं। ये लैक्टोबैसिलस बैक्टीरिया को पुनः स्थापित कर योनि का पीएच संतुलित रखते हैं, जिससे हानिकारक बैक्टीरिया और सूक्ष्मजीवों का विकास नियंत्रित होता है। साथ ही, प्रोबायोटिक्स योनि को अत्यधिक क्षारीय होने से बचाते हैं, जिससे एचपीवी वायरस के जीवित रहने और फैलने की संभावना कम हो जाती है। इसके अलावा, प्रोबायोटिक्स बैक्टीरियल वेजिनोसिस (बीवी) के जोखिम को कम करने, प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने और शरीर को एचपीवी संक्रमण से तेजी से छुटकारा दिलाने में भी सहायक हो सकते हैं। हालांकि, प्रोबायोटिक्स को नियमित सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग (पैप स्मीयर और एचपीवी टेस्ट) और उपचार के विकल्प के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि एक सहायक उपाय के रूप में अपनाया जा सकता है। इस दिशा में और शोध की आवश्यकता है ताकि इसकी प्रभावकारिता को पूरी तरह से समझा जा सके। प्रोबायोटिक्स महिलाओं के स्वास्थ्य में एक नई उम्मीद की किरण बन सकते हैं और सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## किसानों के हक की लड़ाई हमेशा लड़ते रहेंगे - प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में भारतीय किसान यूनियन (भानु) के प्रदेश अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में 3 फरवरी से किसान सम्मान यात्रा निकाली जा रही है। शुक्रवार को यह यात्रा बुलंदशहर के खुर्जा क्षेत्र में पहुंची, जहां किसानों, गरीब मजदूरों और व्यापारियों की समस्याओं को लेकर किसान सम्मान पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में युवा और किसान शामिल हुए। मेरठ मंडल अध्यक्ष गौरव प्रधान ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री आवास पर वार्ता की जाएगी। इस वार्ता में किसान आयोग के गठन, किसानों के संपूर्ण कर्ज माफी, किसान दुर्घटना भत्ता एक करोड़ रुपये, किसानों की बिजली पूरी तरह माफ करने जैसी प्रमुख मांगें रखी जाएंगी। जिला अध्यक्ष सुनील ठाकुर ने 11 फरवरी को किसानों, मजदूरों और व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनूप बाबा, गौरव नागर, देवन जी, सुजीत यादव, अजीत यादव, ओमप्रकाश मास्टरजी, अनुज पोसवाल, पूजा शर्मा, अन्नू सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अमेरिका से भारतीयों के निर्वासन पर बोले अखिलेश-भारत इतना कमजोर क्यों

### निजी समारोह में शामिल होने ग्रेटर नोएडा पहुंचे सपा मुखिया ने बीजेपी पर किया हमला



ग्रेटर नोएडा । सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शुक्रवार को महाकुंभ, मिल्कीपुर उपचुनाव और अमेरिका से भारतीयों के निर्वासन को लेकर बीजेपी और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने अमेरिका से भारतीयों के निर्वासन के सवाल पर कहा कि इस घटना ने भाजपा की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि दिनभर भारत का डंका विश्व में बज रहा है और भारत विश्व गुरु बनने वाला है यह दावा करने वाले अब चुप घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने अपना पूरा बाजार अमेरिका को सौंप दिया है। इसके बावजूद वह इतना कमजोर कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका से कमजोर देश ने सेना के विमान से आए अपने निर्वासितों को स्वीकार करने से मना किया तो अमेरिका को झुकना पड़ा। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पंजाब वाले 50 लाख रुपये देकर गए थे, मगर गुजरात वालों ने एक करोड़ दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को इनका पैसा वापस दिलाने के साथ ही इन्हें रोजगार देना चाहिए। निजी समारोह में शामिल होने ग्रेटर नोएडा आए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ की कोई परिभाषा नहीं है। जमाना मार्केटिंग का है और यही वजह है कि किसी ने 144 साल का प्रमाण तक नहीं मांगा। ऐसा ही 144 साल का चुनाव हमने मिल्कीपुर में देखा। भाजपा ने बगल के जिलों से कार्यकर्ता बुलवाए और पीठासीन अधिकारियों तक की रिकार्डिंग सामने है। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी के आवास पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मिल्कीपुर में बीएलओ से लेकर थाने तक की पोस्टिंग योजना के अनुसार की गई थी। उन्होंने कहा कि मृतकों तक के वोट डलवाए गए और अगर जांच में यह सच्चाई सामने आए तो दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इंडि गठबंधन के सवाल पर कहा कि यह इंडि गठबंधन के अंदर का मामला है और इसे मिलकर सुलझा लेंगे। 2027 में इंडि गठबंधन के सवाल पर कहा कि पीडीए चलेगा। अखिलेश ने कहा कि पीडीए के लोग देख रहे हैं कि उनका कैसे अपमान किया जा रहा है। इससे पहले सपा पदाधिकारियों ने अखिलेश यादव का अलग-अलग स्थानों पर स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी, प्रदीप भाटी, डॉ. महेंद्र नागर, फकीर चंद नागर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मारिस्ट यूनिवर्सिटी, यूएसए और आईबीएम रिसर्च के प्रतिनिधियों ने गलगोटियास विश्वविद्यालय का दौरा किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




मारिस्ट यूनिवर्सिटी यूएसए और आईबीएम रिसर्च जैसे वैश्विक दिग्गजों के साथ जुड़ना वैश्विक शैक्षणिक और औद्योगिक सहयोग को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदमः सुनील गलगोटिया चॉसलर गलगोटिया विश्वविद्यालय गलगोटियास विश्वविद्यालय में जीयू आईईईई आईएएस नैक्सिस पहल का भव्य शुभारंभ हुआ, जो वैश्विक शैक्षणिक और औद्योगिक सहयोग को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में मारिस्ट यूनिवर्सिटी, यूएसए और आईबीएम रिसर्च के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिससे छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान और करियर के अपार अवसरों की जानकारी मिली। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. रॉन बकमायर (डीन, मारिस्ट यूनिवर्सिटी) और डीन एलजिंगा (डेटा साइंटिस्ट, आईबीएम रिसर्च) थे, जिन्होंने छात्रों को वैश्विक शिक्षा, साइबर सुरक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस में करियर के अवसरों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। इसके साथ ही, मारिस्ट यूनिवर्सिटी के एसटीईएम मास्टर प्रोग्राम, 5-वर्षीय ओपीटी वर्क अवसर, और 4,000 तक की छात्रवृत्ति के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। (जी-स्केल) एक महत्वपूर्ण पहल- भारत का पहला अभिनव लर्निंग सिस्टम कार्यक्रम के दौरान गलगोटियास विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक जी-स्केल (गलगोटियास स्टूडेंट सैंटर एक्टिव लर्निंग ईकोसिस्टम) पहल को प्रस्तुत किया गया। यह भारत का पहला विश्वविद्यालय है जिसने इस इनोवेटिव लर्निंग सिस्टम को अपनाया है।जी-स्केल एक इंडस्ट्री-फोकस्ड, रिसर्च-ओरिएंटेड और प्रैक्टिकल लर्निंग प्लेटफॉर्म है, जो छात्रों को रियल-वर्ल्ड इंडस्ट्री स्किल्स से जोड़ता है और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। मारिस्ट यूनिवर्सिटी और आईबीएम रिसर्च के प्रतिनिधियों ने गलगोटियास विश्वविद्यालय की वैश्विक शिक्षा और नवाचार में अग्रणी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी से छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने और आधुनिक अनुसंधान क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा। गलगोटियास विश्वविद्यालय के चांसलर सुनील गलगोटिया ने कहा- गलगोटियास विश्वविद्यालय हमेशा नवाचार, शोध और उद्योग सहयोग में अग्रणी रहा है। हमारी जी-स्केल पहल और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के माध्यम से, हम अपने छात्रों को विश्वस्तरीय अवसर प्रदान कर रहे हैं। यह पहल उन्हें अत्याधुनिक तकनीकों में महारत हासिल करने और वैश्विक स्तर पर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीईओ डा0 ध्रुव गलगोटिया ने कहा- हम अपने छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मारिस्ट यूनिवर्सिटी और आईबीएम रिसर्च जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ सहयोग, हमारे छात्रों को अत्याधुनिक अनुसंधान और शिक्षा के बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा। जी-स्केल जैसी पहल उन्हें विश्वस्तरीय तकनीकी और उद्योग-केंद्रित कौशल विकसित करने में मदद करेगी।

गलगोटिया विश्वविद्यालय के प्रो वॉइस चॉसलर डा0 अवधेश कुमार ने कहा कि यह पहल अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और शोध की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन गलगोटियास विश्वविद्यालय के छात्रों और संकाय के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। यह न केवल उन्हें अंतरराष्ट्रीय शोध और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देगा, बल्कि मारिस्ट यूनिवर्सिटी सऔर आईबीएम रिसर्च जैसे वैश्विक दिग्गजों के साथ जुड़ने का सुनहरा अवसर भी प्रदान करेगा।

## एएसपी ऋजुल की आमजन से अपील - दलालों से रहें सावधान, सीधे पुलिस अधिकारियों से मिलें

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर में अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) नगर ऋजुल ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि पुलिस अधिकारियों से मिलने और अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए किसी भी प्रकार के दलालों का सहारा न लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और सहायक पुलिस अधीक्षक नगर के कार्यालयों में किसी भी व्यक्ति को बिना किसी माध्यम या पैसों के सीधे आकर अपनी समस्या बताने की पूरी स्वतंत्रता है। अधिकारी निष्पक्ष रूप से हर समस्या का समाधान करेंगे। अक्सर देखा जाता है कि भोले-भाले लोगों को अधिकारियों से मिलाने और उनके मामलों में कार्रवाई कराने के नाम पर कुछ दलाल पैसों की मांग कर लेते हैं। इस प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए एएसपी नगर ने एक जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसके तहत उन्होंने पोस्टर तैयार कर अपने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों, विशेष रूप से सार्वजनिक स्थलों और खंभों पर लगवाए हैं, ताकि लोग जागरूक हो सकें और दलालों के झांसे में न आएं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनता को किसी भी तरह की परेशानी का सामना करने की आवश्यकता नहीं है। वे सीधे पुलिस अधिकारियों से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं और निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद कर सकते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच पारदर्शिता बनाए रखना और भ्रष्टाचार को खत्म करना है।

## बली गांव की 100 वर्षीय दादी जगमाली देवी को उनकी तेहरवीं पर सैकड़ों लोगो ने दी श्रद्धांजलि

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

- दादी जगमाली देवी जैसी महान शख्सियतें सदियों में कभी-कभार ही जन्म लेती है। ऐसी महान पुण्य आत्मा का साानिध्य बडे ही पुण्यवान लोगों को मिलता है
- दादी जगमाली देवी ने सम्पूर्ण जीवन लोगों की भलाई के लिए कार्य किया और परिवार को शिक्षित और संस्कारवान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की



बागपत, उत्तर प्रदेश। जनपद बागपत के बली गांव में महान व्यक्तित्व की धनी 100 वर्षीय महिला दादी जगमाली देवी पत्नी स्वर्गीय बलबीर सिंह पंवार की तेहरवीं आयोजित हुई। उनकी तेहरवीं में क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की और उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धाजली दी और अपनी संवेदना व्यक्त की। दादी जगमाली देवी जी का निधन 2 फरवरी 2025 को हो गया था।

तेहरवीं में पंड़ित लीलू शास्त्री निबाली वालों द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर हवन आयोजित कराया गया। इस अवसर पर अनेकों वक्ताओं ने दादी जगमाली देवी के महान व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए उनहे नारी सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण बताया और लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। दादी जगमाली देवी ने सम्पूर्ण जीवन लोगों की भलाई के लिए कार्य किया और परिवार को शिक्षित और संस्कारवान बनाने में और परिवार को साथ लेकर चलने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। वक्ताओं ने कहा कि दादी जगमाली देवी जैसी पुण्य आत्मा कभी नहीं मरती और हमेशा हमारे साथ रहती है। कहा कि हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, आत्मा न तो जन्म लेती है और न ही मरती है, आत्मा अपना पुराना शरीर छोड़कर नया शरीर धारण कर लेती है। कहा कि उनकी शिक्षाएं, संस्कार और विचार उनके बच्चों के माध्यम से समाज को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते रहेंगें। कहा कि वह समाज को गौरवान्वित करने वाली विलक्षण प्रतिभा की धनी महिला थी। कहा कि दादी जगमाली देवी जैसी महान शख्सियतें सदियों में कभी कभार ही जन्म लेती है। ऐसी महान पुण्य आत्मा का सानिध्य बडे ही पुण्यवान लोगों को मिलता है।

अन्त में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखा और दादी जगमाली देवी जी की आत्मा की शांति के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर उनके बडे बेटे पुत्र अशोक कुमार पंवार - पूर्व निदेशक अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी विभाग उत्तर प्रदेश सरकार, छोटे बेटे नरेन्द्र पंवार उर्फ बिल्लू प्रधान - डायरेक्टर सहकारी समिति मितली, ग्रेटर नोएड़ा विकास प्राधिकरण में कार्यरत उनके पौत्र हरेन्द्र पंवार उर्फ हनी व मनेन्द्र पंवार उर्फ मनी, उनके भतीजे ध्यान सिंह, प्रमुख समाजसेवी गजेन्द्र सिंह एड्वोकेट - फूलवती लॉ कॉलेज एण्ड काका होराम लॉ कॉलेज के चेयरमैन, डाक्टर धीरज सिंह, इंजीनियर सुरेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, लक्ष्य, शिवा, वंश, सत्या, राकेश पंवार, स्वाति, मुकेश खारी, कुशल, रविन्द्र सिंह, सुमन, संजीव कुमार, उत्कर्ष, उत्सव पंवार, पृथ्वी पंवार, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष सूरजपाल गुर्जर, नेशनल अवार्डी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सतलोक आश्रम सोजत में 13 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह, 150 यूनिट रक्तदान, और 25 देहदान, व विशाल सत्संग और महा विशाल भंडारा

## सतलोक आश्रम सोजत में हो रहा भव्य महासमागम, तीन दिवसीय अखंड पाठ व भंडारा








**उजाला हितैषी एक्सप्रेस,**
**मीना देवी, ब्यूरो चीफ राजस्थान**

पाली जिले के सोजत स्थित सतलोक आश्रम सोजत में चल रहे तीन दिवसीय विशाल भंडारे का आज दूसरा दिन है जिसका समापन 8 फरवरी को होगा। हर बार की तरह संत रामपाल जी महाराज के सान्निध्य में नेपाल सहित भारत के 11 आश्रमों में कबीर साहिब जी का निर्वाण दिवस मनाया जा रहा है और आज यह समागम का दूसरा दिन है। साथ ही हम बात करें देश और दुनिया की तो इस वर्ष नेपाल के अलावा कई देशों में कबीर साहेब का निर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। आपको बता दें महीना भर पहले से पूरे विश्व के लोगों को सोशल मीडिया के द्वारा तथा घर-घर जाकर संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों द्वारा उच्चाधिकारियों से लेकर आम जन-मानस को भंडारे का निमंत्रण कार्ड दिया गया। इसी के चलते लगातार लोगों का आना जाना लगा हुआ है। तीन दिवसीय विशाल समागम में शुद्ध देसी घी से निर्मित बूंदी प्रसाद, पूड़ीराम, फुल्काराम चावल राम तथा कई प्रकार के सलाद और सब्जियां श्रद्धालुओं को परोसी गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आश्रम में कई राज्यों से संगत आ रही है और भंडारे में कई हजारों लोग एक साथ भोजन भंडारा ले रहे हैं। एक अद्भुत नजारा यहां देखने मिला जो सभी को आकर्षित कर रहा था आश्रम में लगाई जाने वाली प्रदर्शनी में कट आउटस् के माध्यम से कबीर जी द्वारा की गई लीलाओं को दर्शाया गया इसमें श्रद्धालु बहुत ही रुचि ले रहे थे। साथ ही सिक्योरिटी सेवा की बात करें तो बहुत ही व्यवस्थित तरीके से की जा रही है। बर्तन सेवा, भंडारा बनाने की सेवा, परोसने की सेवा, और भी कई सेवाएं, सेवादार भक्त बड़ी उमंग और उत्साह से सेवा करते नजर आ रहे हैं। संत रामपाल जी महाराज द्वारा लिखित पुस्तक ज्ञान गंगा और चारों धर्मों के पवित्र सद्ग्रंथ रखे थे जिनके साथ लोगों ने मिलान करके देखा तो अचंभित रह गए। आज दिनांक 7 फरवरी को दहेज प्रथा खत्म कर बिना दान दहेज़ के सादगी पूर्ण तरीके से 13 जोड़ों का सामूहिक विवाह जिसे संत भाषा में रमैनी कहते हैं,संपन्न हुआ और समागम में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें भक्तों ने 150 यूनिट रक्त दान किया, और 25 लोगों ने देहदान के फॉर्म भरे। 6 फरवरी को अमरग्रंथ साहिब के पाठ का उच्चारण संत रामपाल जी महाराज के मुखारबिंद से शुरू हुआ और इसका समापन कल दिनांक 8 फरवरी को भोग की वाणी के साथ होगा। इसके अलावा संत जी के अनुयायियों के अनुभव सुने जिसमें उन्होंने बताया कि संत रामपाल जी महाराज शास्त्र अनुकूल साधना बता रहे हैं जो पूर्ण मोक्षदायक है। संत रामपाल जी महाराज के ज्ञान को समझकर अभी तक हजारों लोगों ने नि:शुल्क नाम दीक्षा ग्रहण की।

# जल जीवन मिशन की बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सम्पन्न

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

- कार्य की प्रगति बढ़ाकर निर्धारित समय अवधि में योजनाओं को पूर्ण करें- मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल
- सीडीओ श्री अभिनव गोपाल ने ग्राम प्रधानों से ली कार्य की प्रगति व गुणवत्ता की जानकारी
- कार्य की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं- सीडीओ श्री अभिनव गोपाल



गाजियाबाद। मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की महत्वांकाक्षी योजना जल जीवन मिशन की बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में विकास भवन दुर्गावती सभागार में सम्पन्न हुई।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद गाजियाबाद के ग्रामीण क्षेत्रो में पाइप पेयजल योजना के माध्यम से प्रत्येक घर मे पेयजल कनेक्शन देकर जलापूर्ति की जानी प्रस्तावित है। जनपद गाजियाबाद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 148 ग्रामों में पाइप पेयजल निर्मित की जानी है जिनमें से पूर्व में 148 ग्रामों की 128 डी0पी0आर0 राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद गाजियाबाद में जल जीवन मिशन के कार्य कर रही फर्म मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा टी0सी0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद के द्वारा निर्मित की जा रही योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान में समस्त 148 नग ग्रामों हेतु 128 नग पाईप पेयजल योजनाओं की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की जा चुकी है। मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा टी0सी0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया है कि समस्त 128 योजनाओं के सापेक्ष समस्त 128 योजनाओं के कार्य प्रगति पर हैं। समस्त 128 नग नलकूप, 85 नग ओवर हैड टैंक का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा 40 नग ओवरहैड टैंक का कार्य प्रगति पर है। 90 नग पंम्पहाउस का कार्य पूर्ण, 95 नग बाउन्ड्रीवॉल का कार्य पूर्ण है। अवशेष का कार्य प्रगति पर है। लगभग 80 हजार हाउस कनैक्शन कराये जा चुके है। बैठक में विशेष रूप से 45 ग्रामों के कार्यो की समीक्षा की गई जिनमें से 13 ग्रामों के हेतु खण्ड विकास अधिकारियों को अपने स्तर से भी जल निगम के अभियन्ताओं के साथ ग्राम में जा कर कार्यो का निरीक्षण करते हुए हर घर जल प्रमाणीकरण कराने तथा साथ ही योजनाओं के रखरखाव हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठित कराने हेतु जल निगम ग्रामीण के अभियन्ताओं से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही कराने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त 10 ग्रामों के छोटे-छोटे अवशेष कार्य पूर्ण कराकर उक्त ग्रामों में भी दिनांक 25.02.2025 तक जांच करते हुए हर घर जल प्रमाणीकरण तथा रखरखाव हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध की कार्यवाही हेत निर्देश दिये गये है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा श्री योगेश कुमार ग्राम प्रधान बन्दीपुर विकास खण्ड मुरादनगर से ग्राम बन्दीपुर में जल जीवन मिशन के कार्यो की जानकारी ली गई। श्री योगेश कुमार ग्राम प्रधान बन्दीपुर द्वारा बताया गया है कि ग्राम बन्दीपुर में अच्छा कार्य हुआ है तथा सडकों की मरम्मत भी उचित प्रकार से की गई है तथा ग्रामवासी सन्तुष्ट हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा टी0सी0एल0 (जे0वी0) अहमदाबाद के प्रतिनिधियों को निर्देश दिये गये है कि खण्ड विकास अधिकारियों, ग्राम प्रधानों एवं ग्रामवासियों के साथ समन्वय बनाते हुए समस्त कार्य उचित गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराकर योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जल निगम ग्रामीण के अभियन्ताओं, शासन से नामित थर्ड पार्टी एजेन्सी आर0वी0एसोसिएट, मेधज डी0पी0एम0यू0 टीम के सदस्यो को निरन्तर योजनाओं के कार्या का निरीक्षण करते हुए समस्त कार्य उचित गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्य की प्रगति बढ़ाकर समस्त ग्रामों में निर्धारित समय अवधि में योजनाओं को पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिये गये।

उन्होने कहा कि कार्य की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा, पूर्ण गुणवत्ता से कार्य सम्पन्न कराया जाएं।


बैठक में जिला विकास अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव, श्री भारत भूषण अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), श्री पीयूष राय खण्ड विकास अधिकारी-भोजपुर, डा0 आदेश कुमार खण्ड विकास अधिकारी-रजापुर, सुश्री विनी यादव खण्ड विकास अधिकारी-लोनी, श्री सुधीर कुमार खण्ड विकास अधिकारी-मुरादनगर, विभिन्न ग्राम पंचायतो के ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान बन्दीपुर, सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), कार्यदायी फर्म मैसर्स एल0सी0इन्फ्रा टी0सी0एल0 (ज0वी0) अहमदाबाद के प्रोजैक्ट मैनेजर, डीपीएमयू टीम तथा टीपीआई टीम आदि उपस्थित रहे।

# महाकुंभ में भारी भीड़ को देखते हुए सभी स्कूलों की कक्षाएं ऑनलाइन संचालित होंगी

प्रयागराज । महाकुंभ में माघ पूर्णिमा से पहले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए, प्रयागराज में समस्त बोर्ड के सभी माध्यमिक स्कूलों की कक्षाएं शुक्रवार (सात फरवरी) से 12 फरवरी (माघ पूर्णिमा) तक ऑनलाइन तरीके से संचालित होंगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रयागराज जिलाधिकारी की ओर जिला विद्यालय निरीक्षक को जारी आदेश के मुताबिक, विद्यार्थियों के आवागमन में असुविधा और छात्र हित में सात फरवरी से 12 फरवरी तक समस्त बोर्ड के माध्यमिक विद्यालयों की कक्षाएं ऑनलाइन तरीके से संचालित होंगी। आदेश के मुताबिक, सभी छात्रों की ऑनलाइन कक्षाएं जारी रहेंगी और सभी अध्यापक समय के अनुसार विद्यालय पहुंचकर वर्तमान में जारी प्रयोगात्मक परीक्षा और गृह परीक्षा निर्धारित समय के अनुसार संपादित कराएंगे। बृहस्पतिवार को शाम आठ बजे तक 77.20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया और 13 जनवरी से अब तक महाकुंभ में करीब 40 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

# भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अक्षय भंडार है श्रीमद्भागवत महापुराण - भागवताचार्य सुरेश चंद्र शास्त्री

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



वृन्दावन। छटीकरा रोड़-वैष्णो देवी मन्दिर के सामने स्थित श्रीगोपीनाथ धाम में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारम्भ हो गया है। महोत्सव का शुभारंभ प्रात: काल गाजे-बाजे के मध्य निकाली गई श्रीमद्भागवतजी की भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ।जिसमें पीत वस्त्र पहने महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर साथ चल रही थीं।तत्पश्चात यजमान परिवार द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य श्रीमद्भागवत ग्रंथ एवं व्यासपीठ का पूजन-अर्चन किया गया।साथ ही आरती की गई। व्यास पीठ से प्रख्यात भागवताचार्य सुरेश चंद्र शास्त्री महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी के द्वारा देश के विभिन्न प्रांतों से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत के महात्म्य की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि देवर्षि नारद मुनि की प्रेरणा से भगवान विष्णु के अवतार महर्षि वेदव्यासजी ने 18वें पुराण के रूप में श्रीमद्भागवत की रचना की थी। जिसमें 18 हजार श्लोक, 335 अध्याय व 12 स्कंध हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य में भक्ति, ज्ञान तथा वैराग्य की महानता को दर्शाया है। भगवान विष्णु की समस्त लीलाओं और अवतारों की कथाओं का ज्ञान कराने वाला यह ग्रंथ सकाम कर्म, निष्काम कर्म, ज्ञान साधना, सिद्धि साधना, भक्ति, अनुग्रह, मर्यादा, द्वैत-अद्वैत, निर्गुण-सगुण का ज्ञान प्रदान करता है। वस्तुत- श्रीमद्भागवत महापुराण भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अक्षय भंडार है। इसीलिए इस ग्रंथ के श्रवण करने से मनुष्य के समस्त पापों का क्षय हो जाता है और भगवान की भक्ति सहज में ही प्राप्त होती है। महोत्सव में प्रमुख समाजसेवी नन्द किशोर व्यास, ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, प्रख्यात साहित्यकार एवं अध्यात्मविद् डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, नवीन कृष्ण शास्त्री, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल ने जानी बैंकों की एसओपी

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

- लापरवाही करने वाले बैंकर्स के साथ सप्ताह में दो बार होगी मीटिंग- मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल
- योजना की प्रगति सम्बंधित बैठक में उपस्थित ना होने वाले बैकर्स पर होगी सख्त कार्यवाही- सीडीओ
- जब कार्य करना ही है तो पेंडेंसी क्यों- मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल



गाजियाबाद। दुर्गावती देवी सभागार, विकासभवन में मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल आईएएस की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की प्रगति के सम्बंध में बैठक आहूत हुई। मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना अन्तर्गत बैकों को प्रेषित 985 आवेदनों की सम्बंधित जिला समन्वयकों के साथ बैंकवार समीक्षा की गई।

बैंकों द्वारा स्वीकृत किये गये 326 आवेदनों पर प्रत्येक बैंक से ऋण वितरण की स्थिति के विषय में जानकारी चाही गई। मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल ने सभी बैंकर्स से क्रमवार उनके स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) से अवगत हुए तदोपरांत उन्होने बैंकर्स के बैंकों में लम्बित एवं अस्वीकृत आवेदनों की आख्या रिर्पोट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जब आपकी एसओपी आपके अनुसार लगभग 14—21 दिनों में लोन डिस्बर्श कर देते है तो आवेदन लम्बित क्यों, साथ ही डिस्बसिंग में देरी क्यों होती है। उन्होने कहा कि उक्त योजना के सम्बंध में जिन बैंकर्स द्वारा लापरवाही बरती जा रही है उनके साथ योजना की प्रगति के सम्बंध में सप्ताह में दो बार मीटिंग की जायेगी।

इसके साथ की योजना प्रगति मीटिंग में जो बैकर्स उपस्थित नहीं होंगे उनके खिलाफ सख्ती से त्वरित कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि जब कार्य हमें करना ही होता है तो हम कार्य के प्रति लापरवाही बरततें हुए पेंडेंसी क्यों रखते हैं। हमें अपना कार्य समयान्तराल में ही पूर्ण कर लेना चाहिए। उन्होने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत—प्रतिशत पूर्ति करना सुनिश्चित किया जाएं। बैठक के दौरान जीएमडीआईसी श्री श्रीनाथ पासवान ने बताया किया मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना माननीय मुख्यमंत्री की जनहित सम्बंधित महत्वाकांक्षी योजना है। आगामी 03 मार्च 2025 को लोन मेला आयोजित होना सम्भावित है, जिसमें मुख्य अतिथि की उपस्थित में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के एक हजार आवेदकों के लोन वितरित किये जाने हैं। अत- सभी बैंकर्स प्राप्त आवेदनों को त्वरित कार्यवाही करते हुए स्वीकृत या अस्वीकृत करना सुनिश्चित करें। उन्होने बताया कि उक्त योजना में सिविल स्कोर 670 तक मान्य है, आवदेक को 670 के सिविल स्कोर पर भी लोन दिया जा सकता है। बैठक में मुख्य रूप से एलडीएम श्री बुधराम, विभागीय अधिकारी/कर्मचारी, बैंकों के प्रतिनिधि एवं आवेदक उपस्थित रहे।

# फरीदाबाद - परंपरा, विरासत और संस्कृति की त्रिवेणी है सूरजकुंड शिल्प मेला - नायब सैनी

## सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेले के शुभारंभ अवसर पर पहुंचे मुख्यमंत्री

फरीदाबाद । 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले के शुभारंभ अवसर पर शुक्रवार को फरीदाबाद पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सूरजकुंड और सूरजकुंड का यह अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला केवल हरियाणा की ही नहीं बल्कि पूरे देश की पहचान बन चुका है। यह मेला हमारी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को भी साकार करता है और शिल्प के साथ साथ हमारी संस्कृति को भी दुनिया के सामने रखने का अवसर देता है। उन्होंने इस मेले के आयोजन के लिए हरियाणा पर्यटन विभाग, केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय, वस्त्र, संस्कृति और विदेशी मामले मंत्रालयों और सूरजकुंड मेला प्राधिकरण के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले इस मेले में एक राज्य को थीम स्टेट और एक देश को भागीदारी देश बनाया जाता था। इस बार मेले को 'शिल्प महाकुम्भ' का आकार देने के लिए पहली बार मेले में दो राज्यों-ओडिशा और मध्यप्रदेश को थीम स्टेट बनाया गया है। सात देशों के संगठन बिम्सटेक को भी भागीदार बनाया गया है। बिम्सटेक में भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड और श्रीलंका शामिल हैं। भले ही ये सात अलग-अलग देश हैं, लेकिन इनकी संस्कृति में समानता है और हम सबके हित एक-दूसरे से जुड़े हैं। इन देशों की शिल्पकला बहुत समृद्ध है। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए यह गर्व की बात है कि इस समय प्रयागराज में भी आध्यात्मिक शिल्प के प्रतीक भारतीय संस्कृति, परंपरा और सभ्यता का महान पर्व 'महाकुम्भ' चल रहा है। इसमें लाखों साधु-संत अपने वर्षों के त्याग और तप से मानव समाज के कल्याण को समर्पित होते हैं। वहीं, दूसरी ओर इस अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में सैकड़ों ऐसे शिल्पकार मौजूद हैं, जिन्होंने वर्षों के अथक प्रयास और साधना से अपनी शिल्प कला को निखारा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूरजकुण्ड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला पिछले 37 वर्षों से शिल्पकारों और हथकरघा कारीगरों के लिए अपना हुनर प्रदर्शित करने का बेहतरीन मंच रहा है। यह मेला परंपरा, विरासत और संस्कृति की त्रिवेणी है, जो भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया-भर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। हरियाणा सरकार प्रदेश में शिल्पकला को बढ़ावा देने के लिए इसी तरह के मंच प्रदान कर रही है। इस शिल्प मेले के अलावा जिला स्तर पर सरस मेले लगाए जाते हैं, जिनमें शिल्पकारों और बुनकरों को अपनी शिल्पों का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। कुरुक्षेत्र में हर साल अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर भी भव्य सरस मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें देशभर के शिल्पकार शामिल होते हैं। इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव पर भी सरस मेलों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमने माटी कला को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 'माटी कला बोर्ड' का गठन किया है। शिल्प मेले शिल्पकारों व कलाकारों की प्रतिभा को निखारने व उनके उत्पादों की बिक्री सीधे ही खरीददारों को बेचने का अवसर देते हैं। साथ ही ये पर्यटन को भी बढ़ावा देते हैं। नायब सिंह सैनी ने मेले में उपस्थित शिल्पियों से अनुरोध किया कि वे अपनी कला को और अधिक निखारने के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग करें। यह आधुनिक तकनीक का ही कमाल है कि दूर-दराज में बैठा एक शिल्पी आज ऑनलाइन बिक्री प्लेटफार्म से अपने उत्पादों को दुनिया के किसी भी कोने में बेच सकता है। इसी तरह से हस्त उत्पादों की डिजाइनिंग में भी आधुनिक तकनीक का प्रयोग करें।

समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा राष्ट्रीय एकता और कला संस्कृति को समृद्ध बनाने पर ज़ोर देते हैं और सूरजकुंड का यह मेला भारत की विविधता में एकता को दर्शाने और प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने की दिशा में शानदार उदाहरण है। उन्होंने इस मेले के सफल आयोजन के लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की। डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि इस शिल्प मेले के 2 थीम स्टेट उड़ीसा और मध्य प्रदेश हैं तथा बिम्स्टे क देशों ने पार्टनर देश के रूप में हिस्सा लिया है। इसके अलावा, 51 अतिरिक्त देश में इस मेले का हिस्सा बने हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला विकसित भारत व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में भी बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर विधायक मूलचंद शर्मा, धनेश अदलखा, पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव और सूरजकुंड मेला प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती कला रामचंद्रन सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## फरीदाबाद में फायरिंग करने वाले तीन युवक काबू

फरीदाबाद । पुलिस ने एक प्रॉपर्टी डीलर ऑफिस पर हमला कर फायरिंग करने और रंगदारी मांगने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने आरोपी विकास उर्फ शूटर, मोहित उर्फ मोहन और सचिन उर्फ सूरज को सेक्टर-62 व 63 आशियाना फ्लैट एरिया से पकड़ा। मामला 27 जनवरी 2024 का है, जब चार युवक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार होकर संजय कालोनी सूर्या विहार-1 स्थित आर.एस. तोमर प्रॉपर्टीज के ऑफिस पर पहुंचे। आरोपियों ने ऑफिस पर फायरिंग की, शीशे तोड़े और पथराव किया। इसके बाद प्रॉपर्टी डीलर रिंकू सिंह को फोन कर हर महीने एक लाख रुपए की रंगदारी मांगी। पुलिस पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। आरोपी सचिन हत्या के मामले में जेल जा चुका है, पहले से ही पीड़ित रिंकू सिंह को जानता था। जेल में उसकी मुलाकात विकास उर्फ शूटर से हुई, जहां दोनों ने रिंकू से रंगदारी वसूलने की योजना बनाई। योजना को अंजाम देने के लिए मोहित और अन्य साथियों ने ऑफिस पर हमला किया। पुलिस उपायुक्त अपराध मकसूद अहमद के निर्देश पर की गई कार्रवाई में पकड़े गए आरोपियों में विकास पलवल के अमरोली चांदहट का, मोहित नया गांव अरुआ छायंसा का और सचिन पल्ला की सरस्वती कॉलोनी का रहने वाला है। पुलिस अब मामले में शामिल चौथे आरोपी की तलाश कर रही है।


## फरीदाबाद- ट्रैक्टर मजदूर की मौत,परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

फरीदाबाद । भूपानी इलाके में स्थित किंजल धर्म कांटे पर एक ट्रैक्टर मजदूर की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 26 वर्षीय रवि के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले का रहने वाला था। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों का बयान लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं फोरेंसिक टीम और क्राइम ब्रांच की टीमों ने साक्ष्य जुटाए। मृतक के बुआ के बेटे अमित के अनुसार रवि भूपानी की अमर कॉलोनी में अपने माता-पिता के साथ रहता था और अविवाहित था। उसका शव ट्रैक्टर के टायर के पास मिला, जिसके सिर से खून बह रहा था। ट्रैक्टर की सीट के अलावा जमीन पर भी कई जगहों पर खून के धब्बे मिले हैं। परिजनों का आरोप है कि रवि की हत्या कर मामले को दुर्घटना का रूप दिया जा रहा है। अमित के मुताबिक रवि की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और न ही किसी से झगड़ा था। परिवार पिछले कई वर्षों से फरीदाबाद में रह रहा था। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल के शवगृह में भेजा गया है। परिजनों के बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। परिवार ने पुलिस से मामले की गहन जांच कर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## कहासुनी में होटल संचालक पर गोली चलाई

फरीदाबाद । स्कॉर्पियो सवार बदमाशों में से एक ने कहासुनी में होटल मालिक पर गोली चला दी। निशाना चूकने से गोली होटल के शटर में जा लगी। इसक बाद वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। यह घटना गुरुवार सुबह की है। कोतवाली थाना पुलिस ने गुरुवार को होटल मालिक की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एनआईटी-पांच निवासी राकेश भाटिया एनआईटी-दो स्थित दा मॉल ऑफ फरीदाबाद के सामने अपना भोजनालय नाम से होटल चलाते हैं। गुरुवार सुबह करीब 6-00 बजे चार युवक काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार होकर होटल पहुंचे थे। यहां उन्होंने होटल में खाना-पीना किया और बिल का भुगतान पेटीएम से कर दिया। इसी दौरान उनमें से दो युवक होटल के कैश काउंटर पर पहुंच गए और होटल मालिक के साथ बेवजह बहस कर गाली-गलौज करने लगे। इसी दौरान उनमें एक युवक ने तैश में आकर पिस्तौल निकाली और होटल मालिक पर निशाना साधते हुए गोली चला दी। निशाना चूकने की वजह से गोली होटल के शटर में जा लगी। इससे वह बाल-बाल गए। इसके बाद आरोपी अपनी गाड़ी में सवार होकर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने होटल की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। गोली चलाने के आरोपी बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। पुलिस अपने मुखबिरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। अभी तक बदमाशों का कुछ पता नहीं चल सका है। कोतवाली थाना एसएचओ महावीर ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है। अभी तक स्कॉर्पियो सवार बदमाशों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

## फरीदाबाद - टेलीग्राम टास्क में 14 लाख का साइबर फ्रॉड, आरोपी गिरफ्तार



फरीदाबाद । साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने टेलीग्राम टास्क में ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि एक महिला वासी सूर्या विहार पार्ट-3, तिलपत, फरीदाबाद ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दी। जिसमें उसने बताया की 17 दिसंबर को उसके पास अनजान नम्बर से कॉल आया जो कि वर्क फ्रॉम होम जॉब से संबंधित था। उसके तुरंत बाद 17 दिसंबर को ही फिर से व्हाट्सएप पर जॉब के बारे में बताया गया और टेलीग्राम का एक लिंक भेजा। जिस लिंक के माध्यम से शिकायातकर्ता को किसी दूसरे से बात करनी थी। जो शिकायातकर्ता को आगे की जानकारी देगी। जिसमें ठगों ने शिकायतकर्ता को गूगल मैप्स पर 1 दिन में 24 लोकेशंस को रेटिंग करना है और प्रत्येक 6 लोकेशंस को रेटिंग देने के बाद एक टास्क परफॉर्म करने को कहा। टास्क से ठगों ने शिकायतकर्ता को 1000 रुपये भेजने को बोला जिसके बाद उसके खाते में 1500 रुपये आए, फिर ठगों ने महिला को 3000 रुपये भेजने को बोला और टास्क पूरा होने के बाद उसके खाता मे 3900 रुपये आए। ऐसे महिला ठगों के झांसे मे आ गई और महिला ने 15000रू ठगों के खाता में भेज दिए। जिसके बाद जब महिला ने पैसे निकलवाने की कोशिश को तो ठगों ने पैसो का फ्रिज होने का बहाना बनाया और अनफ्रिज करने के लिए 42500रू की डिमांड की और कहा बाद में सारे पैसे उसके खाता में आ जायेगे। जब महिला ने पैसे उनके खाता में डाला तो बोले ये पैसे भी फ्रिज हो गये। इस प्रकार महिला ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 14,02,500रू की ठगी हो गई। जिसके संबंध में मामला साइबर थाना सैंट्रल में दर्ज किया गया है। साइबर पुलिस टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी महेन्द्र कुमार वासी जोधपुर राजस्थान को जोधपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के खाते में आने वाले पैसे के 20 प्रतिशत पैसे लेता था। वाकि के पैसे को एसडीटी के माध्यम से ट्रांसफर कर देता था। आरोपी अपने खाते को खुद ऑपरेट करता था। आरोपी के खाते में इस मुकदमें के 29500/-रु आए थे। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।